हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 14 दिसंबर 2024



# समिति प्रबंधकों ने दिया अल्टीमेटम, उठाव तेज नहीं हुआ तो 19 से बंद करेंगे खरीदी

## राइस मिलर्स और कम्प्यूटर ऑपरेटर के बाद अब समिति प्रबंधकों ने भी खड़े किए हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राइस मिलर्स के असहयोग आंदोलन एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल की वजह से पहले ही प्रभावित चल रही धान खरीदी अब पूरी तरह से ठप होने की स्थिति में आ गई है। जिले के सभी 96 उपार्जन केंद्र के समिति प्रबंधकों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को चेतावनी देते 18 दिसंबर तक उठाव की रफ्तार में तेजी लाने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर जिलेभर में 19 दिसंबर से खरीदी बंद करने की बात कही है। इधर उठाव नहीं होने के कारण जिले में 28.58 लाख क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि इस बार की धान खरीदी में उठाव की सुस्त रफ्तार चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले सप्ताह जरूर सरकार से सकारात्मक संकेत मिलने के बाद राइस मिलर्स ने उठाव शुरू कर दिया था, लेकिन हाल ही में हुई कैबिनेट की बैठक में उनकी मांगे पूरी नहीं होने के बाद मिलर्स ने दोबारा हड़ताल शुरू कर दी है। मिलर्स की हड़ताल की वजह से धान का उठाव ठप हो गया है। जिसकी वजह से उपार्जन केंद्रों में धान जाम हो गया है। बफर लिमिट से अधिक धान होने के चलते समितियां भी नई खरीदी नहीं कर पा रही है। ऐसी स्थिति को देखते शुक्रवार को जिले के सभी 96 समिति प्रबंधकों ने एक बैठक की और इसमें निर्णय लिया कि 18 दिसंबर तक उठाव की रफ्तार तेज नहीं हुई तो खरीदी बंद कर दी जाएगी। जिले में अब तक 31 लाख क्विंटल खरीदी की गई है, जबकि महज 2.54 लाख क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है।

### 74 मिलर्स का पंजीयन

ऐसा भी नहीं है कि जिले में मिलर्स ने उठाव शुरू नहीं किया हो। शासन से आश्वासन मिलने के बाद जिले में भी करीबन 74 राइस मिलर्स ने मिलिंग के लिए अपना अनुबंध करा लिया था। एक लाख क्विंटल उठाव का डीओ भी जारी हो गया है, लेकिन सरकार से सभी मांगे पूरी नहीं होने के बाद मिलर्स ने फिर से अपना असहयोग आंदोलन शुरू कर दिया है। जिले में कहीं भी मिलर्स धान नहीं उठा रहे हैं।



### जिले के 96 में 85 केंद्रों की हालत खराब, धान जाम

समिति प्रबंधक संघ के अध्यक्ष किशुन देवांगन से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 96 में से 85 केंद्र ऐसे हैं, जहां बफर लिमिट से दो से तीन गुना धान डंप है। वहीं उठाव नहीं होने से सभी समितियों में नई खरीदी असंभव नजर आ रही है। यही कारण है कि संघ ने ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देकर 19 दिसंबर से खरीदी करने में असक्षमता जताई है।

**तीन मांग को लेकर ऑपरेटर हड़ताल में** : इधर राइस मिलर्स के बाद 12 दिसंबर से धान खरीदी केंद्रों में कार्य करने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर भी हड़ताल में चले गए हैं। कम्प्यूटर ऑपरेटर अपनी तीन मांगों को लेकर अश्चितकालीन हड़ताल में गए है। जिससे खरीदी प्रभावित हुई है। उनकी मांग है कि डॉटा एंट्री ऑपरेटर को खाद्य विभाग में संविलियन किया जाए। वेतनमान में 27 फीसदी वृद्धि का लाभ 2022-23 से मिले।

## खबर संक्षेप

### न्यायालय के आदेश पर ग्राम बासुला सरपंच चुनाव में लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम बासुला सरपंच चुनाव को लेकर माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने बीते 4 दिसम्बर को जारी एक आदेश के बर्खास्त सरपंच कमलेश साण्डे के प्रकरण में आदेश जारी किया है। जिसमें ग्राम में होने वाले सरपंच चुनाव पर रोक लगा दिया गया है।

ग्राम बसुला के सरपंच पर बिना ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पारित किए 1,10,454 रुपए का चेक जारी करने एवं उक्त चेक जारी करने के एवज में बारह हजार रुपए मांगने के आरोप में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा बीते 28 अक्टूबर को सरपंच पद से बर्खास्त कर दिया गया था। वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा सरपंच चुनाव कराए जाने हेतु आदेश जारी कर दिया गया था। बर्खास्त सरपंच कमलेश साण्डे ने बताया कि उन्होंने अपने अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश दाण्डेकर के माध्यम से उक्त आदेश के विरोध में हाईकोर्ट में रिट पीटिशन दायर कर तर्क प्रस्तुत किया कि उक्त जारी चेक के नम्बर का कहीं जिक्र नहीं है और रिश्वत मांगने का मात्र आरोप है , सुसंगत प्रमाण प्रस्तुत नहीं है।

वहीं बर्खास्तगी आदेश से पूर्व उचित न्यायिक प्रक्रिया का पालन नही किया गया। इस सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट का न्याय दृष्टान्त भी प्रस्तुत किए, जिस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बिभू दत्ता गुरु ने ग्राम बासुला के आगामी सरपंच चुनाव पर स्थगन आदेश जारी कर सह अंतरिम राहत प्रदान की है।

### निगम में पांच लाख, नपा में दो लाख एवं नपं में 75 हजार खर्च कर पाएंगे प्रत्याशी

# चुनावी तस्वीर होगी साफ : 19 को पांच निकाय के 120 वार्डों का होगा आरक्षण

*आगामी दिनों होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अब वार्डों के आरक्षण की तैयारी शुरू हो गई है। जिले के पांच नगरीय निकाय के 120 वार्डों का आरक्षण करने के लिए 19 दिसंबर को प्रक्रिया की जाएगी। इस दिन नगर निगम राजनांदगांव, डोंगरगढ़ नगर पालिका के साथ ही डोंगरगढ़, एलबी नगर एवं छुरिया नगर पंचायत की चुनावी तस्वीर साफ हो जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला प्रशासन ने भी प्रदेश स्तर से निर्देश मिलने के बाद आरक्षण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। बताया गया कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 के प्रावधान अनुसार नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के वार्डों के आरक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा।

नगर पालिक निगम राजनांदगांव के वार्डों के आरक्षण की कार्रवाई 19 दिसम्बर को शाम 4 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में की जाएगी। इसी तरह नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के वार्डों का आरक्षण 19 दिसम्बर को दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। नगर पंचायत डोंगरगांव के वार्डों का आरक्षण 19 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में, नगर पंचायत छुरिया के वार्डों का आरक्षण 19 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष तथा नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के वार्डों का आरक्षण दोपहर 1.30 बजे किया जाएगा। जिले के नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया एवं लाल बहादुर नगर के वार्डों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा महिलाओं के लिए आरक्षित करने की कार्रवाई लॉट डालकर की जाएगी।

**खास बातें**

- 19 दिसंबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में पूरी की जाएगी प्रक्रिया
- निकायों में एसटी, एससी, ओबीसी के साथ ही महिला वर्ग के लिए वार्ड किए जाएंगे आरक्षित



### खर्च सीमा भी हुई तय

इधर पार्षदों के चुनाव को लेकर खर्च सीमा भी तय कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम के पार्षद प्रत्याशी पांच लाख रुपए खर्च कर पाएंगे। वहीं नगर पालिका परिषद के पार्षद प्रत्याशी 2 लाख रुपए तक चुनावी खर्च कर पाएंगे। नगर पंचायत के पार्षद प्रत्याशियों के लिए चुनावी खर्च की सीमा 75 हजार रुपए तय की गई है। ज्ञात हो कि राजनांदगांव नगर निगम में 51, डोंगरगढ़ नगर पालिका में 24 एवं खुज्जी, डोंगरगांव और एलबी नगर नगर पंचायत में 15-15 वार्ड हैं।

### पंचायत चुनाव का आरक्षण 17 को, स्थगित होने के आसार

इधर नगरीय निकाय से पहले त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भी आरक्षण प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश जारी किए गए थे। जिले में 17 दिसंबर को पंच, सरपंच पदों को लेकर आरक्षण प्रक्रिया पूरी होनी है। वहीं अगले दिन जनपद सदस्यों एवं जिला पंचायत के सदस्यों को लेकर आरक्षण प्रक्रिया की जाएगी। हालांकि आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरक्षण की इस प्रक्रिया को स्थगित किया जा रहा है। प्रदेश स्तर पर त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आरक्षण को लेकर नई तारीख का ऐलान किया जा सकता है। हालांकि खबर लिखने तक स्थगन को लेकर कोई आधिकारिक आदेश नहीं आया था।

# सरकारी आदेशों की अवहेलना, दो प्रधान पाठक हुए निलंबित

**खास बातें**

- डीईओ ने लिया एक्शन, दो दिनो में आधा दर्जन सरकारी शिक्षकों पर कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सरकारी आदेशों की अवहेलना करना एवं शासकीय कार्य में लापरवाही बरतना दो प्रधान पाठकों को भारी पड़ गया है। डोंगरगांव विस के पथराटोला एवं आरी स्थित सरकारी स्कूलों में पदस्थ इन दोनों ही प्रधान पाठकों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले गुरुवार को भी तीन शिक्षक एवं एक प्राचार्य के खिलाफ एक्शन लिया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव ब्लॉक स्थित शासकीय प्राथमिक शाला पथराटोला के प्रधान पाठक सुखदेवराम लाउत्रे को शालेय कार्य में अनुपस्थित रहना, शालेय दस्तावेजों का संधाराण नहीं करना और शासकीय आदेशों का पालन नहीं करने को लेकर निलंबन की कार्रवाई की गई है। ऐसे ही शासकीय प्राथमिक शाला आरी के प्रधान पाठक संजीव गंधर्व द्वारा शालेय कार्य में अनुपस्थित रहने, शासकीय आदेशों का पालन नहीं करने को लेकर निलंबित किए गए हैं।

**महीनेभर का वेतन कटा**

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल गुरुवार को डोंगरगढ़ ब्लॉक में आकास्मिक निरीक्षण पर निकले थे। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यिकम शाला बधियाटोला में भरत लाल साहू, पंकज जादव एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की शिक्षिका सविता वैद्य के अनुपस्थित रहने पर तीनों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। वहीं विद्यालय की प्राचार्य डॉ. कुसुम दीवान की अनियमित उपस्थिति के चलते उनका एक महीने का वेतन काटने की कार्रवाई की गई है।

# सायबर जागरुकता अभियान का दिखा असर पीड़ितों की रकम वापस मिलने पर खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे समर्थ सायबर जागरूकता अभियान का व्यापक असर दिखने लगा है। साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों की रकम पुलिस द्वारा वापस दिलाने से पीड़ितों के चेहरों में मुस्कान आई है।

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन मे समर्थ अभियान के तहत जिला क्षेत्रांतर्गत सायबर जागरूकता शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को सायबर संबंधित अपराधों से बचने एवं फ्रॉड होने पर क्या करना और क्या नहीं करना चाहिए, इस संबंध में विस्तृत जानकारी लगातार जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दिया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा लोगों को जागरूक करने के साथ पुलिस का सहयोग करने की अपील के साथ अभियान चलाया जा रहा है, जो निरंतर जारी रहेगी। उपरोक्त कार्रवाई में थाना खैरागढ़ पुलिस का सराहनीय योगदान रहा। किसी भी प्रकार से ऑनलाइन फ्रॉड होने पर नजदीकी थाना व चौकी एवं सायबर क्राईम पोर्टल, टोल फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करने हेतु निर्देश दिया गया।



### आवेदकों के चेहरे पर आई मुस्कान

12 दिसंबर को पीड़ितों के 1930 हेल्प लाइन नंबर के माध्यम से होल्ड कराए गए ठगी के रकम की वापसी हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष थाना खैरागढ़ के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया गया था। प्रकरणों का अवलोकन कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार लगभग 143119 अलग-अलग पीड़ितों को वापस सुपुर्द करने आदेश की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। रकम की वापसी पर सायबर ठगी के शिकार हुए आवेदकों के चेहरों पर मुस्कान आई और केसीजी पुलिस को आभार करते उनका चेहरा खिल उठा।

# पंचायत चुनाव आरक्षण 17 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तुलिका प्रजापति द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन अधिनियम अंतर्गत जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष/सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटन/आरक्षण की कार्रवाई कार्यालय कलेक्टर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के सभाकक्ष में 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे किया जाएगा।



उक्त कार्रवाई की प्रक्रिया देखने के लिए जिले के नागरिकगण उपस्थित हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन अधिनियम अंतर्गत जिले के जनपद पंचायत मोहला-मानपुर-अं.चौकी के निर्वाचन क्षेत्र एवं अध्यक्ष पदों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा सभी प्रवर्गों के महिला हेतु लॉट द्वारा आरक्षण की कार्रवाई 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे जिला कार्यालय मोहला-मानपुर-अं.चौकी के सभाकक्ष में किया जाएगा। इसी प्रकार सरपंच एवं पंच के आरक्षण की कार्रवाई स्वर्गीय लाल श्याम शाह नवीन महाविद्यालय मोहला के कक्ष क्रमांक 1, 2 एवं 3 में किया जाएगा।

# सड़क, पानी और भवन निर्माण की समस्या लेकर पहुंचीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम खपराभांठा की महिलाएं आज गांव में सड़क, पेयजल और तीन वर्षों से अधूरे पड़े भवन निर्माण की समस्या लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची। महिलाओं ने यहां कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान करने की मांग की है।



ग्राम खपराभांठा से कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची सुनीता साहू, अन्नू साहू सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि गांव में महिला भवन निर्माण कार्य किया गया है, जो तीन वर्षों से अधूरा पड़ा है। भवन निर्माण पूर्ण करने कई बार पंचायत में सरपंच-सचिव को आवेदन के माध्यम से शिकायत करने के बाद भी इस ओर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**सड़क और पानी की समस्या** : कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची महिलाओं ने गांव में पेयजल की समस्या को लेकर भी कलेक्टर को अवगत कराया है। उन्होंने अपने ज्ञापन में कहा कि गांव में पेयजल के लिए अमृत जल मिशन योजना से पानी की टंकी तो बना दी गई है, लेकिन अब तक पाईप लाइन नहीं बिछा है। जिसकी वजह से लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं उन्होंने गांव की कच्ची सड़क के निर्माण को लेकर भी मांग की है।

## जिला स्तरीय मौन प्रदर्शन का आयोजन, धान खरीदी केंद्र में भी करेंगे प्रदर्शन

# प्रदेश सरकार को घेरने मौन प्रदर्शन, गिनती के ही जुटे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कांग्रेस द्वारा पांच दिवसीय विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला स्तरीय मौन प्रदर्शन के पहले दिन ही चंद कांग्रेसी कार्यकर्ता ही जुटे।

प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध, कानून व्यवस्था, सरकार की विफलताओं और अन्य मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के खिलाफ शहर के जयस्तंभ चौक में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तरीय मौन धरना एवं पोस्टर प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान कांग्रेसियों द्वारा प्रदेश सरकार की एक वर्ष के कार्यकाल को असफल बताया गया।

**पोस्ट के माध्यम से सरकार को घेरा**

कांग्रेस द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मौन प्रदर्शन में प्रदेश की सरकार को घेरने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की भीड़ नजर नहीं आई। इस धरना प्रदर्शन में चंद पदाधिकारी और कार्यकर्ता ही शामिल हुए। इस दौरान पोस्ट के माध्यम से प्रदेश सरकार को बलौदाबाजार अग्निकांड, लोहड़ीगुड़ा हत्याकांड, आदिवासी फर्जी मुठभेड़, बलरामपुर पुलिस अभिरक्षा में मौत, हरदेव जंगल कटाई और महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार के मामले में घेरा गया। इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, हेमा देशमुख, कमलजीत सिंह पिंटू, कुतबुद्दीन सोलंकी, सूर्यकांत जैन, माया शर्मा, डॉ. रुबीना अल्वी, अमित चंद्रवंशी, दुलारीबाई साहू, महेश साहू, प्रज्ञा गुप्ता, बबलू, रोशनी सिंह और अशोक फड़नवीस सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।



### लगातार प्रदर्शन की योजना

दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बताया कि 13 से 17 दिसंबर तक कांग्रेस के विभिन्न विंग द्वारा अलग-अलग दिन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें 13 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रदर्शन के बाद अब 14 दिसंबर को महिला कांग्रेस द्वारा महिला सुरक्षा पोस्टर प्रदर्शन, 15 दिसंबर को एनएसयूआई द्वारा छात्रहित के मुद्दों को लेकर प्रदर्शन, 16 दिसंबर को युवा कांग्रेस द्वारा युवाओं के साथ अन्याय, रोजगार, शिक्षकों की भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन और 17 दिसंबर को प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा किसानों के हितों के लिए धान खरीदी केंद्रों में प्रदर्शन किया जाएगा।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल


कांग्रेस द्वारा 13 से 17 दिसंबर तक प्रदेश सरकार के खिलाफ किए जा रहे इस धरना प्रदर्शन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि प्रदेश की सरकार अपनी 1 साल की उपलब्धि बता रही है, लेकिन प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है। सरकार हर मोर्चे पर नाकाम है। एक वर्ष में कहीं विकास नजर नहीं आ रहा है। आम जनता परेशान है, किसान परेशान है। उन्होंने कहा कि किसान अपने धान की उपज बेचने सोसायटियों में भटक रहे हैं।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### छात्र-छात्राओं ने किया एचसीएल का भ्रमण

**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय की बीएससी के छात्र-छात्राओं ने हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड मलाजखंड का शैक्षिक भ्रमण किया। एचसीएल के अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को बताया कि हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड एशिया में कॉपर का सबसे बड़ी खुली खदान है। यहां से कॉपर अयस्क निकाला जाता है। उन्होंने शुद्ध कॉपर प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। शैक्षिक भ्रमण में प्राध्यापक डॉ. एनएस वर्मा, सहायक प्राध्यापक जी कौशिक, बीआर वर्मा, अतिथि शिक्षक गौरव जैन सहित बीएससी के 76 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।



### सपना सहित पांच शिक्षक सम्मानित

**अर्जुनी।** भाषाओं के संरक्षण और उससे बच्चों को पारंगत करने लिए स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश और कलेक्टर संजय अग्रवाल, डीईओ प्रभाष सिंह के नेतृत्व में ब्लाक के स्कूलों मे बीते दिनों भाषा उत्सव-2024 के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थे । स्कूलों में आयोजित कार्यक्रम के प्रदर्शन को देखते हुए विभिन्न स्कूलों के चयनित शिक्षकों का जिला स्तरीय भाषा उत्सव का आयोजन बीआरसी कार्यालय राजनांदगांव में किया गया। इस आयोजन में ब्लाक से प्राथमिक शाला सुखरी की प्रधान पाठक सपना भारतद्वाज, चिचदो की कोनिका सोनी, मचानपार की श्वेता श्रीवास्तव, जामसरार के राजेश निषाद और दीवान झिटिया के पुरुषोत्तम साहू ने शिरकत किया। सभी शिक्षकों ने शाला में किए गए कार्यों को साझा किया। बेहतर प्रयास और प्रस्तुति के लिए सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान डीपीसी सतीश ब्यौहारे, रफीक अंसारी, मनोज मरकाम मौजूद थे। सभी शिक्षकों को बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ रश्मि ठाकुर, जयंत साहू, श्री सोरी आदि ने बधाई दी है।




### स्लोगन लेखन में किशन प्रथम

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर एवं प्राध्यापक डॉ. एनके लहरे के निर्देशन में सुशासन पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। स्पर्धा में 5 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राध्यापकों ने अवलोकन कर निर्णय लिया। स्पर्धा में प्रथम स्थान किशन कुमार साहू, द्वितीय टिकेश्वरी ठाकुर तथा तृतीय स्थान लक्ष्मी साहू ने प्राप्त किया। वीणा साहू, मुरली साहू का लेखन भी सराहनीय रहा। लेखन की रूपरेखा से अतिथि व्याख्याता ओमप्रकाश सहारे ने अवगत कराया। इस दौरान डॉ. काव्या जैन, डॉ. संजूसिंह राजपूत, सौम्या देवांगन, हनी ठक्कर, सरोजनी वर्मा आदि उपस्थित थे।



### ठिठुरन बढ़ी, जलने लगे अलाव

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में लगातार बदली छाए रहने के बाद दो दिन से मौसम खुल गया तथा तापमान गिर गया है। ठंडकता बढ़ने से सुबह- शाम कंपा देने वाली ठंड लोग महसूस कर रहे हैं। वनांचल में शाम होते ही कड़ाके की ठंड़ पड़ने की खबर है। ग्रामीण ठंड से बचने अलाव का सहारा ले रहे हैं। किसानों की मानें तो यह मौसम चना, गेहूं फसल के लिए फायदेमंद है।

### रूवातला स्कूल में न्योता भोज

**रूआतला।** पूर्व माध्यमिक शाला के उच्च वर्ग शिक्षक राजेश साव ने सेवा काल के अंतिम जन्मदिन के मौके पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के 250 बच्चों के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया। बच्चों को खीर पूड़ी, भजिया, दाल एवं छोले आलू की सब्जी खिलाया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक लूणकरण वर्मा, आरके छेदैया, तिलेश्वर वर्मा, ठाकुरराम चंद्रवशी, गणेशराम बंजारे, हरीश वरूडकर, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षादास, नीतू वर्मा, कुमेश गहिने, अमीन कुरैशी आदि मौजूद थे।



### विष्णु राज में सभी हुए खुशहालः कोमल

**सड़क अतरिया।** भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल को पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने बेमिसाल बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी वादों को पूरा कर विकास को नई गति दिया है। बीते एक वर्ष में गरीब, किसान, मजदूर, युवा खुशहाल हुए हैं। साल भर में गरीबों के पक्के मकान का सपना साकार हुआ। सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था होने से ग्रामीण प्रसन्न हैं। युवाओं को रोजगार देने सरकार लगातार प्रयासरत है। जिला से होकर गुजरने वाली रेल लाईन के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शीघ्र शुरू हो जाएगी। सिंचाई के लिए सिद्ध बाबा जलाशय का काम तेजी से जारी है। पर्यटन के विकास पर सरकार पहल कर रही है। भाजपा सरकार वादे के मुताबिक किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रूपए की दर से खरीद रही है।



### पहला मैच खुर्सीपार ने जीता

**खुज्जी।** कलडबरी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। स्पर्धा का उद्घाटन मुख्य अतिथि कैलाश शर्मा ने फीता काटकर किया। पांच दिन तक चलने वाले प्रतियोगिता में 32 टीमे भाग ले रही है। अंतिम मैच के बाद विजेता को पुरस्कृत किया जाएगा।इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने कहा कि खेल को खेलों की भावना से खेलना चाहिए। हार और जीत खेल का अभिन्न हिस्सा है। जीत से खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर बोधन साहू, किसुन साहू, सुमित मांडवी, दिग्विजय, भूपेंद्र मिश्रा, कुसुमलता साहू आदि मौजूद थे। पहला मैच मेजबान टीम और खुर्सीपार के बीच मैच हुआ, जिसमे खुर्शीपार ने सफलता हासिल किया।



---

### नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया जारी

# डोंगरगांव मंडल का दायरा सिमटा, दो नए मंडल बनेंगे

## आधा दर्जन ने जताई अध्यक्ष बनने की इच्छा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भाजपा संगठन में आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव और मंडल का छोटा स्वरूप देखने मिलेगा। भाजपा ने अर्जुनी और तुमड़ीबोड़ को नया मंडल बनाने का फैसला किया है जिसके बाद डोंगरगांव मंडल का दायरा मात्र 50 बूथ तक सिमट कर रह जाएगा। अब इस मंडल में 132 बूथ आते थे। अर्जुनी और तुमड़ीबोड़ मंडल में 41- 41 बूथ होंगे। तीनों मंडल के अध्यक्ष के लिए कवायद जारी है। जानकारी के अनुसार बूथ अध्यक्ष के चुनाव के बाद इन दिनों मंडल अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया चल रही है। संभावना है कि आगामी 15 दिसंबर तक नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा हो सकती है। जानकारी के अनुसार संगठन चुनाव को लेकर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिनसिंह बघेल और एमडी ठाकुर की मौजूदगी में बैठक आयोजित किया गया था जिसमें कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करने के साथ निर्धारित उम्र सीमा अंतर्गत आने वालों से आवेदन लिए गए। जानकारी के अनुसार डोंगरगांव मंडल अध्यक्ष के लिए पूर्व पार्षद रोहित गुप्ता, पार्षद डिकेश साहू, दीना पटेल, कोमल साहू ने आवेदन दिया है। वहीं पहली बार महिलाओं ने खुलकर सामने आते हुए अपना दावा पेश किया है।जानकारी के अनुसार महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष सरिता ढीमर और खुर्सीपार की पूर्व सरपंच कुंती चौधरी ने भी अध्यक्ष बनने की इच्छा जताया है।



**सड़क अतरिया।** भाजपा ने संगठन को मजबूती देने के लिए नर्मदा को नया भाजपा मंडल बनाया है। नए मंड़ल का पहला अध्यक्ष बनने के लिए आधा दर्जन ने इच्छा जाहिर किया है। जानकारी अनुसार मंडल अध्यक्ष के लिए प्रकाश जंघेल, आनंद पटेल, संतन साहू, अशोक जंघेल, सुधीर गोलछा तथा दुर्गेश जंघेल ने इच्छा जताया है। पहले अध्यक्ष का फैसला रविवार को होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार बीते दिवस खैरा नर्मदा में पार्टी के प्रमुखों की मौजूदगी में बैठक आयोजित कर कार्यकर्ताओं से राय लिया गया।

**तुमड़ीबोड़ में दो के नाम**

जानकारी के अनुसार अस्तित्व में आने वाले तुमड़ीबोड़ मंडल के अध्यक्ष के लिए जनपद सदस्य जागेश्वर यादव राजू और चन्द्रेश श्रीवास ने आवेदन किया है। इसी प्रकार अर्जुनी मंडल के लिए ग्राम पंचायत रामपुर के पूर्व सरपंच किशोर यादव, भुवन साहू, मोहन साहू, कुलेश्वर निषाद ने दावा किया है।

---

# आंदोलन से शहर की व्यवस्था चरमराई




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से शहर की स्ट्रीट लाइट बंद हो गई है जिससे वार्डों में अंधेरा छा गया है। सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। जानकारी के अनुसार कर्मचारी अपनी 6 मांगो को लेकर हड़ताल पर चले गए है जिससे शहर की आवश्यक सेवा ठप हो गई है। कर्मचारियों की शिकायत है कि दो-तीन माह से तनख्वाह समय पर नहीं मिल रही है। सफाई का कार्य जिम्मेदारी से करने के बाद भी उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। सीएमओ सीके शर्मा ने मूलभूत सुविधा में आ रही दिक्कतों को देखते हुए हड़ताली कर्मचारियों से काम पर लौटने की अपील की है।

- कर्मियों को नहीं मिल रहा नियमित वेतन

---

# विधायक ने किया सामुदायिक भवन लोकार्पित

- पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण से मिली थी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

ओडारबांध एवं दीवानभेड़ी में विधायक दलेश्वर साहू ने नवनिर्मित साहू सामुदायिक भवन सहित निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने की। विशेष अतिथि तहसील साहू संघ के अध्यक्ष हेमंत साहू, पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, नीलमणी साहू, धनराज साहू, जागेश्वर यदु, सुमित्रा गोस्वामी, सुनीता साहू थी। स्वागत के बाद विधायक साहू ने परिक्षेत्रीय साहू संघ दीवानभेड़ी एवं ग्राम साहू समाज ओड़ारबांध के भवन का लोकार्पण किया ।

कार्यक्रम में जयश्री साहू, सावित्री साहू, पीडी साहू, मूलचंद साहू, सुगम हिरवानी, सीएल हिरवानी, महेश्वर साहू, दुबेदास साहू, धर्मेंद्र साहू, मनोज साहू, अर्जुन साहू, मोहन साहू, हेमनाथ साहू, कंपाराम साहू आदि मौजूद थे।



**सामाजिक एकता पर जोर**

इस अवसर पर विधायक साहू ने कहा कि संगठन में ही ताकत होती है जिसके लिए सामाजिक एकता जरूरी है। दायित्वो के निर्वहन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिसे सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। को जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने जिला साहू संघ की विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से अवगत कराया। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे कार्य प्राथमिकता से करने पर जोर दिया। पूर्व महामंत्र अमरनाथ साहू ने आने वाली जनरेशन को समाज की नीति रीति से अवगत कराने का आव्हान किया। जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, नीलमणी साहू ने भी संबोधित किया।

### माता देवाला यात्रा 15 को सोनेसरार से निकलेगी

**अर्जुनी।** विधायक दलेश्वर साहू द्वारा गांव के पुरातन मंदिरों के इतिहास से जन सामान्य को अवगत कराने शुरू की गई माता देवाला दर्शन यात्रा के चौथा चरण की शुरूवात आगामी 15 दिसंबर को सोनेसरार के त्रिवेणी संगम से होगी। यह यात्रा सोनेसरार से सुखरी, छुईखदान होते हुए करमतरा पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन होगा। करमतरा में जस गायिका अलका चंद्राकर और श्री दाई के दुलरवा नवरतन जस झांकी परिवार पटपर का कार्यक्रम रखा गया है। जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।


**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082




### गौ विज्ञान परीक्षा 4 को

**डोंगरगढ़।** ब्लाक के स्कूलों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने गौ विज्ञान परीक्षा में शामिल होने पंजीयन कराया है। नेहरू कॉलेज, सेजस बायस स्कूल डोंगरगढ़, बछेराभाटा, मेढ़ा, पटपर, पिनकापार, जामरी, उरईडबरी, पारागांव खुर्द, खल्लारी, रेंगाकठेरा, माढ़ीतराई, छिपा, पलांदुर, ढारा, देवकट्टा, बननारा, बोरतलाव, चारभाठा भगवानटोला सहित अन्य स्कूलों में बड़ी संख्या में पंजीयन हुआ है। जिला प्रमुख हार्दिक कोटक, ज़िला संयोजक पारस वर्मा, जिला सह संयोजक अजय शर्मा, परीक्षा प्रमुख सतीश यादव ने बताया कि पहली बार हो रही गौ विज्ञान परीक्षा हेतु पुस्तक वितरण किया गया। आगामी 4 जनवरी को छत्तीसगढ़ में यह परीक्षा होगी।

# कल्लूबंजारी दूसरी बार बना चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लूबंजारी

दो दिवसीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन आटरा में किया गया। स्पर्धा में सात प्राथमिक एवं दो माध्यमिक शाला के लगभग 250 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी सर्वाधिक अंक प्राप्त कर लगातार दूसरी बार चैम्पियन बने।

प्राथमिक विभाग में प्राथमिक शाला कल्लूबंजारी की छात्रा पूजा ध्रुर्वे 80मीटर दौड़, लंबीकूद एवं रस्सी छलांग में प्रथम स्थान प्राप्त चैम्पियन बनी। इसी प्रकार माध्यमिक विभाग में कल्लूबंजारी के छात्र तुषाल कुमार ने 100, 600 मीटर दौड़ एवं गोलाफेंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैम्पियन का खिताब हासिल किया। माध्यमिक वर्ग में आटरा की तिलेश्वरी ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम, 400, 600 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संपूर्ण प्रतियोगिता में 39 अंक प्राप्त कर प्राथमिक शाला कल्लूबंजारी प्रथम, 17 अंक लेकर ब्राम्हण मासूल द्वितीय एवं 13 अंक लेकर प्राथमिक शाला आटरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक वर्ग में 74 अंक लेकर पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी प्रथम, 50 अंक के साथ आटरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण सेवा सहकारी समिति छुरिया के अध्यक्ष संजय सिन्हा के आतिथ्य और राजेश्वर ध्रुर्वे की अध्यक्षता में किया गया। विशेष अतिथि खेमचंद साहू, डोमेनकुमार पटेल, बरातूराम मंडावी, कांता साहू, नैनकुमार पटेल, जयपाल यादव, रामकिसुन अरकरा, बलराम साहू, टीकम साहू, हरिप्रसाद सिन्हा, भूषण साहू थे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी, मेडल, स्मृतिचिन्ह एवं थाली, गिलास प्रदान किया।








# मुरूम खनन में लिप्त जेसीबी को किया जब्त



**डोंगरगढ़।** एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार मुकेश ठाकुर ने मुरुम के अवैध खनन के मामले में कार्यवाही किया है। तहसीलदार ने बताया कि चौथना में सरकारी पट्टे वाली जमीन से मुरूम खनन करने की शिकायत मिलने के बाद मौका मुआयना किया गया। मौके पर परिवहन में लगा वाहन नहीं मिला किन्तु एक जेसीबी को मुरूम खनन करते पाया गया। चालक से मुरूम खुदाई और परिवहन संबंधी दस्तावजे मांगा गया किन्तु वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। मुरुम खुदाई में लगी जेसीबी को जप्त कर थाना लाया गया। प्रकरण दर्ज कर प्रतिवेदन जिला प्रशासन को भेजा जाएगा। एसडीएम मनोज मरकाम ने बताया कि मुरूम खनन की जगह का नाप करने का आदेश दिया गया है।

### मैराथन दौड़ 21 को

**डोंगरगांव।** मार्निंग यूथ क्लब के तत्वावधान में 21 दिसंबर को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। दौड़ में विजेता को 11 हजार और उपविजेता को 5 हजार दिया जाएगा। आयोजन से जुड़े प्रफुल्ल जैन राजा ने बताया कि सभी आयु के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### एड्स पर स्पर्धाओं का आयोजन




**डोंगरगढ़।** रामाटोला महाविद्यालय में गत दिनों विश्व एड्स दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि हितेंद्र कोसरे थे। उन्होंने एड्स की पहचान एवं रोकथाम के उपाय बताये। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एड्स से संबन्धित रंगोली, एवं पेंटिंग बनाया। निबंध में प्रथम गजेंद्र साहू, द्वितीय वोमेश्वरानंद, भाषण में प्रथम ज्योति सेन, द्वितीय ईश्वरी पटेल, पेंटिंग में प्रथम हेमलता साहू, द्वितीय सूरजकुमार, वाद-विवाद में प्रथम वोमेश्वरानंद, द्वितीय ईश्वरी पटेल, रंगोली में प्रथम वोमेश्वरानंद, द्वितीय ईश्वरी पटेल रही। एड्स जागरूकता पर नाटक का मंचन किया गया जिसमे प्रीति, वोमेश्वरानंद, हितेश्वरी, तुकेश्वरी, रेणुका, शीतला डहरे, सोनी यादव, हुलसी, रुपाली शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ. मनोज रंगारी, प्रभारी प्राचार्य डॉ एके सिन्हा, डॉ संगीता रंगारी, सी लिखार, महेश साहू, जीतेन्द्र वर्मा, अलख आदि मौजूद थे।

### शोध पत्र लेखन पर व्याख्यान



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के भूगोल विभाग में प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं भूगोल विभागाध्यक्ष एचआर पदमे, डॉ. नौशीन अंजुम के नेतृत्व में शोध प्रविधि एवं शोध पत्र लेखन विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता दुर्ग साइंस कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. अनिल मिश्रा थे। डॉ. मिश्रा ने शोध प्रविधि अंतर्गत आंकड़ों के संकलन, शुद्धता, उसकी जांच तथा शोध पत्र लेखन संबंधी विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा करते हुए लेखन संबंधी समस्याओं का निराकरण किया। व्याख्यान में स्वामी देवी, नीलकमल, उदय, मानसी, प्रियंका, दीपशिखा सेन, भानुप्रताप, दीपककुमार, मुकेश साहू, साधना, विमल सेन, गोमती, दिव्या, माधुरी, रुक्मणी, दीनदयाल आदि शामिल हुए। संचालन उदय लाऊत्रे एवं आभार प्रदर्शन एचआर पदमे ने किया।

### नहीं हो रहा आवासहीनों का सर्वे

**डोंगरगढ़।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी आवास योजना के तहत पट्टा वितरण को लेकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप जरूरतमंद लोगों का सर्वे निकाय चुनाव की घोषणा के पहले पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा है। स्थानीय अधिकारी अब तक न हितग्राहियों तक पहुंच पाए हैं और न वार्डों में शिविर लगाकर लोगों को योजना से जोड़ने का प्रयास किया गया है। जानकारी के अनुसार शहर में 200 से अधिक ऐसे परिवार हैं जो सालों से नजूल की जमीन पर कब्जा कर निवास कर रहे हैं। इन लोगों को न जमीन का पट्टा मिल सकता है न ही आवास योजना का यह लाभ ले सकते है। इसी प्रकार लगभग 1500 लोग राजस्व भूमि, पहाड़ी, नदी, नालो पर कब्जा कर निवासरत है। यह लोग आधार कार्ड,राशन कार्ड बनवा कर योजना का लाभ लेने के साथ मतदाता सूची में नाम होने के कारण मतदान भी कर रहे है। कई के घरों में बिजली, जल कनेक्शन भी लग गया। कुछ के घर में शौचालय भी बन चुका है। पता चला है कि आवास योजना के लाभ के लिए दिए गए आवेदनों को खारिज करने की तैयारी शुरू हो गई है।

### खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था, किसान हो रहे परेशान



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने गत दिनों विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। केन्द्रों की स्थिति बेहद चिंताजनक देखने मिली। अधिकांश धान खरीदी केंद्र बंद मिले। जो खुले थे, वहां व्यवस्था का अभाव था, जिसे लेकर किसानों में आक्रोश देखा गया। निरीक्षण के बाद श्री लोधी ने कहा धान खरीदी केंद्रों की बदहाल स्थिति से किसान व्यथित हैं। समय की कमी और अव्यवस्था ने किसानों को संकट में डाल दिया है। धान खरीदी में देरी, आनलाइन टोकन व्यवस्था और केंद्रों की बदहाल स्थिति ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार 15 दिन विलंब से धान खरीदी आरंभ किया और अब अव्यवस्थित प्रक्रियाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दिया है। किसान धान बेचने को लेकर आशंकित है। श्री लोधी ने धान खरीदी केंद्रों को चालू करने, सभी व्यवस्था करने, टोकन प्रणाली को सरल बनाने, धान खरीदी का समय बढ़ाने, बारदाने की कमी दूर करने, समुचित परिवहन, किसानों को पूरी कीमत का एकमुश्त भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का आव्हान किया है। निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष भागवत साहू, कंवलजीत सिंह पिंटू, जिपं सदस्य पुष्पा वर्मा, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू, ब्लाक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, चुम्मन साहू, राजू राजपूत, फिरंगी, गोकुल वर्मा, श्याम साय टांडेकर, मोती वर्मा, विश्राम वर्मा, कमलेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### स्टेट स्कूल की बालिका टीम ने जीता फायनल मैच

**राजनांदगांव।** रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल द्वारा आयोजित डॉ. जेबी सिंग मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें बालक और बालिका टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के आयोजन में मुख्य भूमिका कोच इमरान पीटीआई की रही। बालिका के फायनल मैच में मुख्य मुकाबला स्टेट स्कूल एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। मैच के दौरान स्टेट स्कूल की बालिका ने दिल्ली पब्लिक स्कूल को 03-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। बेस्ट गोलकीपर का इनाम निहारिका बोरकर को दिया गया। बेस्ट गोल्डन बूट का इनाम प्राची मेश्राम एवं गरिमा श्रीवास को दिया गया। रॉयल किड्स स्कूल द्वारा बच्चों को प्रमाण-पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया गया। बच्चों को विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ द्वारा भी सम्मानित किया गया। खेलने वालों में खिलाड़ी निहारिका बोरकर, दीपाली साहू, प्राची मेश्राम, गरिमा श्रीवास, नेमिका पाल, दर्षिता वैष्णव, पल्लवी, पल्लवी अम्बादे, जान्हवी अम्बादे, तारणी साहू, मिनाली बर्वे, तान्या, यासिनी ने अपने खेल का जौहर दिखाकर फाइनल मैच का खिताब अपने नाम किया। उक्त जानकारी स्टेट स्कूल के व्यायाम शिक्षक सुनील नागदौने ने दी।

### एक दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना विश्व की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य आश्वासन योजना के अनुक्रम में तिलक वार्ड क्र. 28 इंदिरा सरोवर स्वर्गधाम स्थित सामुदायिक भवन में 5 लाख रुपए के मुफ्त उपचार के लिए 9 दिसंबर को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक एक दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन पार्षद राजेश जैन द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में जिनकी उम्र 70 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, ऐसे हितग्राहियों के लिए प्रति व्यक्ति 5 लाख रुपए स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रदाय किए जाने का प्रावधान है । शिविर का शुभारंभ खूबचंद पारख द्वारा किया गया। इस दौरान पार्षद राजेश जैन (रानू), सहयोगी राहुल सोनपीपरे, राजेश बिसने एवं भाजपा के सम्मानित कार्यकर्तागण शामिल थे। उक्त अवसर पर आयुष्मान कार्ड बनाने जीत परिहार, सरोज गिरीपुंजे, शीला हेड़ाऊ द्वारा अपना सहयोग प्रदान किया गया।

## भाजपा-कांग्रेस के पार्षदों ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर किया प्रदर्शन

# भाजपा ने दिया धरना तो कांग्रेस ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़





भाजपा- कांग्रेस के पार्षदों अलग-अलग मामलों को लेकर प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका और तहसील कार्यालय का घेराव किया। आगामी पालिका चुनाव के मद्देनजर दोनो पार्टी का प्रदर्शन और अधिकारियों को घेराव शहर में चर्चा का विषय रहा।

पालिका की गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद राज्य सरकार द्वारा दो तत्कालीन सीएमओ सहित चार अन्य को सस्पेंड करने के बाद शुक्रवार को सीएमओ एवं पालिका अध्यक्ष, पीआईसी मेम्बर के खिलाफ आक्रोष जाहिर करते हुए भाजपा के 14 पार्षदों सहित जनप्रतिनिधियों ने आक्रोष जाहिर किया है।

जानकारी के अनुसार वर्तमान सीएमओ के कार्यकाल में एक टेण्डर प्रक्रिया के निरस्त होने के बाद हाल ही में अधोसंरचना मद से स्वीकृत तीन करोड़ के कार्यों को पीआईसी की बैठक में निरस्त करने का प्रस्ताव किया गया था। इसे लेकर सामान्य सभा में उक्त प्रस्ताव को लाने के लिए बैठक आयोजित किया था। इस बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शामिल नहीं हुए जिससे नाराज होकर भाजपा के पार्षद अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यालय के समक्ष धरने में बैठ गए। पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम और सीएमओ को आडे.हाथ लेते हुए पार्षदों ने कार्रवाई की मांग की। पालिका के खिलाफ प्रदर्शन कर भाजपा के 14 पार्षदों ने एकता दिखाने का प्रयास किया। शहर भाजपा अध्यक्ष अमित जैन ने बताया कि 24 वार्डों के लिए बिना भेदभाव के अधोसंरचना मद से 3 करोड़ के कार्य स्वीकृत हुए है जिसकी टेण्डर प्रक्रिया को रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जो गलत है। प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, राकेश अग्रवाल, हरिश मोटघरे, डीएकेश राव, उमा महेश वर्मा, शालिनी ताम्रकार, अलका सहारे, अनिता इंदुरकर, कुसुम मरकाम, प्राची सोनी, राजेश गजभिये, काजल डोंगरे, कमलेश धमगाये, आशिया बेगम सहित अन्य शामिल हुए।

### कांग्रेस ने बोला हल्ला

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं कांग्रेसजनों ने पट्टा की मांग कर रहे वार्डवासियों के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी, भेदभाव करने और जरूरतमंदों की पट्टा देने की मांग को अनदेखा करने का आरोप लगाते हुए जमकर हल्ला बोला। कांग्रेसजन राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बेरिकेट तोड़ते हुए एसडीएम कार्यालय में घुसने का प्रयास किया किन्तु पुलिस ने उन्हे गेट पर ही रोक दिया। अनुविभागीय अधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को बुलाकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार पट्टा के लिए सर्वे करने, हितग्राहियों के आवेदन का निराकरण करने की मांग किया गया। तहसीलदार मुकेश ठाकुर ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का पूरा प्रयास किया। हितग्राहियों ने आवेदन देने के पूर्व विधायक निवास के पहले प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन में विधायक श्रीमती बघेल, संध्या देशपांडे, विजयराज चौहान, धीरज मेश्राम, सुदेश मेश्राम, नलिनी मेश्राम, हरिश भंडारी, रिंकु यादव, मनोहर कंडरा, जितेन्द्रसिंग बब्बू, किरण मेश्राम, लक्ष्मी शांडिल्य, नरेश करसे, पप्पू इंदुरकर, मनोज साहू, रामजी तराने, कृष्णा लिल्हारे सहित अन्य शामिल हुए। विधायक श्रीमती बघेल ने बताया कि शासन के आदेष बाद भी अधिकारियों ने अब तक न सर्वे शुरू किया है और न शिविर लगाया जा रहा है। कागजों में ही अधिकारियों को दल बना दिया है। उन्होने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द ही चक्काजाम आंदोलन करने की चेतावनी दी।

# दो फुटकर व्यापारियों से 457 कट्टा धान जब्त

**खैरागढ़।** समर्थन मूल्य में धान खरीदी पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करने कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में धान के अवैध भंडारण और परिवहन पर लगातार कारवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मंडी अधिकारियों ने क्षमता से अधिक धान का भंडारण करने वाले ठेलकाडीह निवासी फुटकर व्यापारी नारद देवांगन के यहां क्षमता से अधिक धान पाने पर मंडी अधिनियम के तहत 50 कट्टा धान की जब्ती बनाकर प्रकरण तैयार किया। इससे पहले राजस्व, खाद्य व सहकारिता विभाग की टीम ने क्षमता से अधिक धान का भंडारण करने वाले मुढ़ीपार निवासी फुटकर व्यापारी केजूराम साहू के यहां छापेमार कार्रवाई करते हुए 407 कट्टा धान जब्त किया है। व्यापारी ने सेन समाज भवन में 162.80 क्विंटल धान डंप कराया था। जिसे मंडी अधिनियम के तहत जब्ती कर प्रकरण तैयार किया गया। गौरतलब है कि मंडी अधिनियम के तहत फुटकर व्यापारियों को 10 क्विंटल धान संग्रहण करने की पात्रता है। इससे अधिक मात्रा में धान संग्रहित करने पर मंडी अधिनियम के तहत जब्ती की कार्रवाई की जाती है।

### निकाय चुनाव की अटकलें

**डोंगरगढ़।** मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद निकाय चुनाव के शीघ्र घोषित होने की संभावना बढ़ गई है। कहा जा रहा है 17 से 27 दिसंबर के बीच चुनाव की घोषणा हो सकती है। मतदान 10 से 15 जनवरी के बीच हो सकता है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद सभी को आरक्षण प्रक्रिया का इंतजार है। इस प्रक्रिया के बाद ही शहर के 24 वार्डों का समीकरण सामने आएगा। शहर के आधा दर्जन वार्ड जातिगत आधार पर प्रभावित हो सकते है। इस बार पालिका अध्यक्ष का चुनाव परोक्ष प्रणाली से होगा जिसमें मतदाता पार्षद के अलावा अध्यक्ष के लिए मतदान करेंगे। जानकारी के अनुसार पालिका क्षेत्र में कुल 27 हजार 567 मतदाता है जिसमें महिला 13 हजार 386 एवं पुरूष मतदाताओं की संख्या 14178 है। तीन अन्य मतदाता हैं। चुनाव को लेकर भाजपा- कांग्रेस में किसी प्रकार की हलचल नहीं देखी जा रही है। भाजपा में अभी बूथ अध्यक्ष का चयन पूरा नहीं हुआ है।

# पढ़ाना छोड़ हाथ-पैर दबवाते हैं शिक्षक देवरच्चा के ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



छुईखदान ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला देवरच्चा में पदस्थ शिक्षक सूरजभान ठाकुर को ग्रामीणों ने स्कूल से हटाने की मांग करते हुए एडीएम प्रेम कुमार पटेल को ज्ञापन सौंपा।

वनांचल में बसे गांव देवरच्चा के उपसरपंच शेर सिंह, शिवकुमार छेदैया, भुवन नेताम, भान सिंह, हरि सिंह, गुहाराम, पूरन कुमार, दुर्गाराम, तिजलाल, शिवकुमार, शशिकला बाई, रामकली बाई, अंजू बाई सहित अन्य ने बताया कि प्राथमिक शाला में शिक्षक सूरजमान ठाकुर सहायक शिक्षक एलबी के रूप में 2016 से पदस्थ है और वर्तमान में सीएससी का काम देख रहा है। बीते छै सालों में एक बार भी पढ़ाना तो दूर क्लास रूम के अंदर तक नहीं गया है और सीएससी पद का रौब दिखाते हुए शाला के अन्य शिक्षकों, बच्चों व ग्रामवासियों पर दबाव बनाता हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षक की लापरवाही और पठन पाठन में अरुचि को लेकर ग्राम पंचायत द्वारा इसकी शिकायत बीईओ कार्यालय में किया गया था, लेकिन कोई वहां से कारवाई नही होने के कारण हौसला बढ़ गया है। बच्चों के साथ अमर्यादित व्यवहार करने की शिकायत करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि और पालकों की समझाईश पर सीधे सपाट शब्दों में जवाब मिलता है कि नहीं पढ़ाता जिसे जहां शिकायत करनी है कर लो।

### खाना खिलाओ और भगाओ कहते हैं शिक्षक

पंचायत आश्रित पांच गांवों के ग्रामीणों ने 12 दिसंबर को बैठक बुलाकर उन्हें व्यवहार बदलने और पठन पाठन में रुचि लेने का अनुरोध किया गया, लेकिन अपनी गलती स्वीकारने की जगह शिक्षक ने उन्हें ही दोषी बना दिया। शिक्षक सूरजभान ठाकुर की गैरवाजिब हरकतों से परेशान ग्रामीणों ने बताया कि शराब के नशे में वो स्कूल आते है और बच्चों से हाथ पैर दबवाते है। स्टाफ के अन्य शिक्षकों को पढ़ाने से मना करते है। जंगलिहा बच्चे है पढ़ लिखकर क्या करेंगे कहते हुए खाना खिलाकर घर भेजने का आदेश जारी करने वाले शिक्षक की हरकतों से नाराज ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थिति में बच्चों को जब शिक्षा नही मिल रही तो खाना खिलाने स्कूल भेजने से अच्छा है, खेती किसानी का काम सीखाने अपने साथ ले जाया करेंगे। ग्रामीणों ने एकमत स्वर में शिक्षक सूरजभान ठाकुर को शाला से हटाने की मांग करते हुए कहा कि निर्णय नही होने पर वो स्कूली बच्चों के साथ दुबारा कलेक्टारेट पहुंचेंगे। मामले में एडीएम प्रेम कुमार पटेल ने डीईओ और बीईओ से शिकायत की त्वरित जांच कर कारवाई का निर्देश दिया है।

### लखपति दीदी पहल संबंधी कार्यशाला आयोजित

**खैरागढ़।** दस के एफपीओ परियोजना तहत गठित किसान उत्पादक संगठन का प्रशिक्षण कार्यशाला और समीक्षा बैठक कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला में कुटेली फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, छुईखदान और स्वर्णोपज महिला किसान उत्पादक कंपनी खैरागढ़ के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने संगठन के बेहतर संचालन संबंधी मार्गदर्शन दिया और शेयरधारक किसानों को नगदी फसल जैसे चना, सोयाबीन, मूंग, अरहर, सब्जी की खेती के लिए प्रेरित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि साल में 2 से 3 फसलों की खेती के लिए किसानों को एफपीओ के माध्यम से उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, उपकरण उपलब्ध कराने में सहयोग किया जा सकता है। अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने एफपीओ के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने के लिए उपज बढ़ाने, प्रोसेसिंग और फसल चक्र परिवर्तन संबंधी सुझाव दिया। उपसंचालक कृषि राजकुमार सोलंकी व कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी राजनांदगांव के वैज्ञानिको द्वारा किसानों को फसल उत्पादकता के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। अंत में लखपति दीदी पहल अंतर्गत कार्य प्रगति की जानकारी भी दी गई। कार्यशाला सह बैठक में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपसंचालक कृषि, नोडल अधिकारी पशुपालन, सहायक संचालक मत्स्य पालन, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र, लीड बैंक ऑफिसर, केवीके के वैज्ञानिक, कृषि महाविद्यालय छुईखदान के असिस्टेंट प्रोफेसर, एनआरएलएम के डीपीएम, बीपीएम सहित अन्य उपस्थित थे।

## जन्मजात हृदय रोग वाले बच्चों को बुलाया गया था

# चिरायु योजना के तहत 42 बच्चों की हृदय जांच, 16 ऑपरेशन के लिए चिन्हित




### 209 का किया स्वास्थ्य परीक्षण

स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने शासन के निर्देशों का कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। इसी कड़ी में सिविल हॉस्पिटल की टीम ने फतेह मैदान में विकासखंड स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि शिविर में सिविल अस्पताल के चिकित्सक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक और लैब टेक्नीशियन सहित अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए जहाँ स्वास्थ्य जांच, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, मुख स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की गई। शिविर में 209 लोगों का स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं उपचार किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार और कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु योजना तहत जन्म से लेकर 18 साल तक के 42 बच्चों और किशोरों की हृदय रोगों की स्क्रीनिंग की गई।

विशेष शिविर में हृदय रोग शल्य चिकित्सक डॉ अजय चौरसिया, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ तुषार और उनकी टीम ने हृदय रोग से पीड़ित संभावित बच्चों की जांच, इकोकार्डियोग्राफी सहित अन्य आवश्यक परीक्षण कर उनकी स्थिति की पुष्टि की। सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, शासकीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में चिरायु दल द्वारा पूर्व में किए गए परीक्षणों के आधार पर संभावित जन्मजात हृदय रोग वाले बच्चों को इस शिविर में जांच के लिए बुलाया गया था। जांच उपरांत 16 बच्चों को हृदय ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। इन बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन चिरायु योजना के तहत डीईआईसी जिला अस्पताल दुर्ग से समन्वय कर शीघ्र किया जाएगा।

शिविर में बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, नोडल अधिकारी डॉ पंकज वैष्णव, डीपीएम सोनल धुरव, बीपीएम आकाश तंबोली, चिरायु दल के चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, एएनएम, लैब टेक्नीशियन, और सिविल अस्पताल स्टाफ ने सहयोग किया।

# रश्मिदेवी कॉलेज में एड्स बचाव संगोष्ठी एवं रैली




- एचआईवी एड्स के बारे में विस्तारपूर्वक दी जानकारी
- विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कर रहे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में छग शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एड्स दिवस पखवाड़ा आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ जितेन्द्र साखरे के मार्गदर्शन में हुआ। एड्स बचाव संगोष्ठी व रैली का आयोजन प्रो सुरेश आडवानी रेड रिबन प्रभारी, पूर्व रेडक्रास प्रभारी सेनि ग्रंथपाल जेके वैष्णव की उपस्थिति मे हुआ। प्रो सुरेश आडवानी ने एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी और एक से 15 दिसम्बर तक एचआईवी एड्स जागरुकता प्रचार प्रसार संगोष्ठी अध्ययन कक्षाओं के माध्यम से और रैली आयोजित कर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बचाव संबंधी जानकारी देने कहा।

### उपचार के बारे में दी जानकारी

जेके वैष्णव ने एचआईवी/एड्स कैसे फैलता है कारणों को बताया, बचाव के लिए जागरूकता की आवश्यकता को रेखांकित किया। आईसीटीसी क्या है, एआरटी उपचार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जान है तो जहान है। छात्र छात्राओं को भारतीय जीवन शैली अनुरूप संयम, समझदारी, नैतिकता, ईमानदारी से जीवन जीने कहा वही रोग प्रतिरोधक शक्ति प्राप्त कर नयी किस्म की बीमारी से बचने की अपील की। संगोष्ठी में काजल वर्मा, ईशा साहु, खुशबू मेश्राम, देविका, संध्या, गायत्री, लाकेश्वरी, विनायक, नरेंद्र वर्मा, साहिल, चुम्मनलाल, डोमेश्वर ने भाग लिया। छात्र छात्राओं को एड्स नियंत्रण सोसाइटी के बचाव जागरूकता पांपलेट वितरित किया गया। संगोष्ठी पश्चात एड्स रोकथाम जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन शिक्षक यशवंत सोनी ने किया।

## सार समाचार

### संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा आयोजित

**राजनांदगांव।** ग्राम किरगाहाटोला विकासखंड छुरिया में आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए।



विधायक साहू ने मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की विधिवत पूजा-अर्चना की। खिलाड़ी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किए। श्री साहू ने अपने उद्बोधन में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन हेतु संकुल के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं तथा शाला परिवार व ग्रामीणों को शुभकामनाएं दी। अतिथियों के आत्मीय स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। खेल और शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को अग्रणी होना आवश्यक बताया। कार्यक्रम के दौरान राजू सिन्हा, रामबिलास बांधे, रामभरोसा पड़ौती, ओमप्रकाश साहू, प्रीतम चंद्रवंशी, पूनम पड़ौती, वीरेंद्र साहू, हीरामन पड़ौती, चेतन लाल, पूरन नायक, चुरामन यादव, खेमिन कंवर, कुमारी वैष्णव, आरती दुबे, दिलीप सिन्हा, विमला सिन्हा, रामेन्द्र धनपाल एवं शिक्षकों व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### अव्वल बच्चों को किया सम्मानित

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ जिले के ग्राम खैरबना में जिला स्तरीय बालक्रीडा प्रतियोगिता में अव्वल आए बच्चों को शासकीय प्राथमिक शाला खैरबना की प्रधान पाठिका सीमा शर्मा और मिडिल स्कूल के शिक्षकों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर खैरबना हाईस्कूल प्रभारी प्राचार्य मधुसूदन देशलहरे, खैरबना सरपंच ललित जंघेल, एसएमडीसी अध्यक्ष धनसाय साहू, एसएमसी अध्यक्ष संतराम कुर्रे, एसएमसी अध्यक्ष प्राथमिक रमेश सरगद्वारी, ग्राम पटेल धनेश साहू, डिलेश्वर दास अचिंत, चूडामणी जंघेल, डोमार सिंह भेड़िया, हेमलाल पटेल पुष्ण सेन, किरण जंघेल, मनहरण जंघेल, धनऊराम साहू, पुखराज सिंह खुशरो, शत्रुहनराम साहू, कन्हैयाराम जंघेल, सीमा शर्मा, यशोदा ठाकुर, पूरन बंजारे एवं प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे। जिला स्तरीय खेल खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम बैहाटोला में आयोजित हुआ था। वहां प्राथमिक शाला खैरबना के प्रतिभागी विजयी बच्चों को पानी बोतल और पेन-कॉपी देकर शाला परिवार की ओर से सम्मानित व पुरस्कार वितरण किया गया। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला खैरबना के छात्र दुर्गेश कुमार वर्मा अ वर्ग 80 मीटर दौड़ में प्रथम, टिकेश कुमार वर्मा 100 मीटर दौड़ में द्वितीय और रिलेरेश में प्राथमिक शाला खैरबना के ही छात्र टिकेश, दुर्गेश, राजेंद्र और ओम ने जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छुईखदान के विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डड़सेना और बीआरसी दुष्यंत कुमार शर्मा ने इन विजयी बच्चों को शुभकामनाएं दी।



### निषाद समाज की मासिक बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज की मासिक बैठक गत दिनों जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभाठा में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, प्रदेश संगठन सचिव अशोक निषाद, प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक निषाद, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर निषाद, जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, महासचिव टीकम निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगनलाल निषाद, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश व जिला उपाध्यक्ष सुशीला निषाद व लोकेश निषाद, ईश्वर निषाद, मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद, अंकेक्षक हरिराम निषाद, सलाहकार सोनीराम निषाद, मार्गदर्शक विजय निषाद व बसंत लारिया, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव लखन निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण निषाद, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पद्मनी निषाद, संगठन सचिव हेमलता निषाद व ओमलता निषाद, चन्दिका लारिया शामिल थे।



राजनांदगांव जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में आय-व्यय की जानकारी दी गई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों का जिला संगठन राजनांदगांव द्वारा सम्मानित किया गया तथा नवीन जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का जिला संगठन का निर्वाचन मनोनीत जिलाध्यक्ष फत्ते निषाद व कोषाध्यक्ष संतराम निषाद सहित पदाधिकारियों को सदस्यता शुल्क के साथ सदस्य बनाकर मतदाता सूची तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आगामी माह जनवरी 2025 में नवीन जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का प्रदेश व जिला पदाधिकारियों निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में निर्वाचन किया जाएगा।
बैठक में सामाजिक विकास पर चर्चा के साथ प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में 3-अंतर्जातीय प्रकरणों का निराकरण किया गया। बैठक में गौतरियाराम निषाद, तारम निषाद, हीरासिंह निषाद, रामशरण निषाद, संतराम निषाद, फत्ते निषाद, नोकेलाल निषाद, अश्वनी शर्मा, भागवत निषाद, झाडूराम निषाद, घनश्याम शाबला, सावन निषाद, किरण निषाद, भूषण निषाद, शिवप्रसाद निषाद सहित अन्य लोग शामिल थे।

### बच्चों ने लिया स्वादिष्ट भोजन का जायका

**राजनांदगांव।** न्यौता भोजन के तहत बच्चों को स्कूलों में परंपरागत स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन दिए जा रहे हैं। शासन की इस अनोखी योजना के तहत जिले के स्कूलों में न्यौता भोजन का निरंतर आयोजन किया जा रहा है।



राजनांदगांव विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला रीवागहन में न्यौता भोजन के अवसर पर बच्चों में उमंग एवं उल्लास रहा। बच्चों को परोसा गया स्वादिष्ट गुड़ चिक्की, गुजिया, फल एवं दाल, चावल व सब्जी। भोजन करने से पहले बच्चों ने हैंडवाश किया और अपने साफ-सुथरे हाथ दिखाए। इस अवसर पर बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों एवं भोजन का जायका लिया। पढ़ाई के साथ ही रूचिकर भोजन मिलने से बच्चों में स्कूल आने के लिए खुशी है। शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा जन्मदिन, पर्व एवं विभिन्न अवसरों पर न्यौता भोजन का आयोजन कराया जा रहा है। शाला प्रबंधन समिति के सदस्य मणिराम यादव ने बताया कि स्कूल में बच्चों को न्यौता भोजन के अंतर्गत सामुदायिक भागीदारी से पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है, ताकि उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन के लिए जनसहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे अभिभावकों एवं समाज में बच्चों एवं स्कूल के प्रति जिम्मेदारी की भावना का विकास हो रहा है। उल्लेखनीय है कि न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परंपरा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों व त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज का योगदान दे सकते हैं।

## दो दिन में 7 सौ से अधिक लोगों की चेकिंग

# मुसाफिर, फेरी वालों की पहचान के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाहर से आए मुसाफिरों, फेरी वालों की पहचान के लिए पुलिस ने अभियान चलाया है। वहीं संदिग्धों की जांच की जा रही है। दो दिनों में पुलिस ने लगभग 7 सौ से अधिक लोगों की चेकिंग की है। जिसमें 150 मुसाफिर, फेरी वाले, किरायेदार एवं अन्य प्रदेश व जिले से आना पाया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में हो रहे चोरी आदि की घटना की रोकथाम के लिए अभियान के तहत 2 दिनों 11 व 12 दिसंबर को सभी थाना व चौकी में अभियान चलाकर मुसाफिर चेक किया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध किरायेदारों की भी चेकिंग की जा रही है।



### शहर सहित ग्रामीण इलाकों में की गई चेकिंग

जिले के विभिन्न थानों के अलावा राजनांदगांव शहर के स्लम एरिया में राजनांदगांव शहर के सत्यनारायण धर्मशाला, गंज चौक, भदौरिया चौक, रेलवे स्टेशन के पास, गौरीनगर, चिखली, शंकरपुर, रामनगर, मोतीपुर, बजरंपुर नवागांव, लखोली, इंदिरा नगर, राजीव नगर, अटल आवास लखोली, अटल आवास पेंड्री, 16 खोली, बसंतपुर, कौरिनभांठा, सुकुलदैहान के ग्राम लिटिया, सोमनी के टेडेसरा, बगनदी के सड़क चिरचारी, छुरिया के कल्लूबंजारी, ब्रम्हणी चारभाठा, छुरिया, बोरतलाव चौक, डोंगरगांव के मोहड़, आमगांव, साल्हे घुघवा, गैंदाटोला के ग्राम चिरचारीकला, घुमका के गोपालपुर रोड़ आदि जगहों पर रह रहे संदिग्ध लोगों, किरायेदारों व गर्म कपड़ा बेचने वालों, फल ठेला वालों, खोमचे वालों को भी चेक किया गया।

### थाना व चौकी क्षेत्र में चला अभियान

इसी तारतम्य में 2 दिनों में 700 से अधिक लोगों को चेक किया गया। जिसमें से कोतवाली 25, थाना लालबाग 20, थाना बसंतपुर 10, थाना सोमनी 12, ओपी चिखली 14, ओपी तुमड़ीबोड 35, ओपी सुकुलदैहान 2, थाना बागनदी 3, थाना बोरतलाव 5, ओपी चिचोला 6, थाना गैंदाटोला 6, थाना घुमका 10, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 16 लोगों कुल 150 लोगों को चेक किया गया, जो दूसरे प्रांत व जिले से आए हुए थे।

### संदिग्धों की ली जा रही जानकारी

संदिग्धों का पृथक से उनके निवास ग्राम की थाना में जानकारी भेजकर इनकी आपराधिक रिकार्ड, चरित्र के संबंध में जानकारी लिया जा रहा है। इसके साथ जिनके क्रियाकलाप ज्यादा संदेहास्पद पाए जाने पर ऐसे लगभग 20 लोगों का फिंगरप्रिंट भी लिया गया है। शेष का फिंगरप्रिंट लेकर उनके बारे में पतासाजी की जा रही है। संदिग्धों को उनके वास्तविक निवास स्थान के थानों से उनकी तस्दीकी की जा रही है। मुसाफिरों का बीसी रोल जारी किया जा रहा है।

### जानकारी थाना में देने हिदायत

पुलिस के अनुसार किराये के मकान में रह रहे लोगों के मकान मालिकों को किरायेदारों के संबंध में सभी जानकारी एकत्रित करने व उनके संबंध में थाना को सूचना देने की हिदायत दी गई। इस तरह 11 व 12 दिसंबर दो दिनों में जिलेभर में 700 से अधिक संदिग्ध लोगों को चेक किया गया। जिसमें से 150 से अधिक लोग दीगर प्रांत, जिले के होना पाए गए हैं। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

## जनसंपर्क विभाग ने लगायी फोटो प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

राज्य सरकार के एक साल पूर्ण होने पर जिले में हुए समग्र उपलब्धियों को प्रदर्शित करते जिला जनसंपर्क विभाग मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा स्थानीय बस स्टैंड मोहला में फोटो प्रदर्शनी लगाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व राज्य असीम संभावनाओं की ओर अग्रसर हो रहा है। राज्य के सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन से राज्य खुशहाल हो रहा है। प्रदेश के साथ ही जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन से जिला तरक्की की ओर अग्रसर हो रहा है।

जनसंपर्क विभाग मोहला द्वारा राज्य सरकार द्वारा एक साल में किए गए विकास की गौरव गाथा को रेखांकित करते लगाए गए फोटो प्रदर्शनी का आज सैकड़ों लोगों ने अवलोकन किया। स्कूली विद्यार्थियों, कॉलेज के विद्यार्थियों, मीडिया के प्रतिनिधियों, यात्रीगणों, आम नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों और बड़ी संख्या में युवाओं ने स्टॉल में पहुंचकर अवलोकन किया। शासन द्वारा जनकल्याण के लिए किए गए कार्य से रूबरू हुए। जनसंपर्क विभाग से सहायक संचालक हेमलाल प्रभाकर, सहायक ग्रेड-3 भगत सिंह सलामे, फोटोग्राफर अशोक सलामे, जिला समन्वयक नितिन ठाकुर, वाहन चालक मोहित साहू ने स्टॉल में आए आगंतुकों का अभिनंदन किया।

## 1206 विद्यालयों के 89 हजार 286 विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के फ्लैक्सी मद अंतर्गत जिले के 1206 विद्यालयों के 89 हजार 286 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। इसके अंतर्गत 791 प्राथमिक शाला के 52 हजार 533 बच्चों एवं 415 माध्यमिक शाला के 36 हजार 753 बच्चों को पूरक पोषण आहार प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल मार्गदर्शन में जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के संचालन के लिए सामग्री पैकेट का सुरक्षित भंडारण, परिवहन एवं उपयोग सहित अन्य व्यवस्था जिला स्तर से की जाएगी। जिला स्तर पर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करने एक समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर द्वारा नामांकित अधिकारी संयुक्त कलेक्टर (वित्त), डीईओ, बीईओ, डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़ समिति के सदस्य हैं। यह समिति समय-समय पर योजना की मॉनिटरिंग करेंगी। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूरक पोषण के रूप में मिलेट बार, प्रोटीन बार, सोया-पीनेट, चिक्की, मोरंगा बार प्रदान किया जाएगा।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा

**मोहला।** सामुदायिक पुलिस के तहत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेक्शन मैच आयोजित किए जा रहे हैं। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ जिला अंतर्गत सभी थानों से 3-3 महिला व पुरूष टीम चयनित होगी, जो जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। जिले से 130 से अधिक कबड्डी टीमों ने कराया है प्रतियोगिता हेतु पंजीयन।



सामुदायिक पुलिससिंग के अंतर्गत पुलिस द्वारा जिले में कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल, उप पुलिस अधीक्षक ताजेश्वर दीवान के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिस के अंतर्गत जिले के समस्त थानों के क्षेत्र अंतर्गत कबड्डी खेल का आयोजन रखा गया है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के कबड्डी टीम बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें 130 से अधिक कबड्डी टीम ने रजिस्ट्रेशन थाना क्षेत्र अंतर्गत कराया।

पुरूष व महिला वर्ग के टीमों को प्रथम चरण में थाना स्तर पर सलेक्शन मैच कराया जा रहा है। जिसमें सर्वश्रेष्ठ टीम जो प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु जिला मुख्यालय मोहला में भाग लेगी। थाना स्तर पर समस्त टीमों को किट तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त टीमों को ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। थाना कोहका तथा थाना चिल्हाटी व थाना मानपुर अंतर्गत सलेक्शन मैच 12 दिसंबर को आयोजित की गई तथा 13 दिसंबर को थाना सीतागांव में सलेक्शन मैच आयोजित की गई।

## श्रमिक संपर्क अभियान मोहला-मानपुर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय मजदूर संघ द्वारा देशभर में चलाए जा रहे श्रमिक संपर्क पखवाड़े का पिछले सप्ताह जिले व क्षेत्र में जोरदार ढंग से आगाज हो चुका है। भामसं कार्यकर्ता विभिन्न औद्योगिक इकाईयों व असंगठित क्षेत्र में जाकर संगठन के पिछले 70 वर्षों के कार्यो का लेखाजोखा प्रस्तुत कर रहे हैं और अब तक किए गए संघर्षों की जानकारियां देकर उपलब्धियां बता रहे हैं।



भामसं के जिला मंत्री नरेश साहू ने बताया कि राजनांदगांव जिले के विभिन्न अंचल खैरागढ़ जिले व मोहला-मानपुर जिले में श्रमिक संपर्क पखवाड़े के तहत पिछले दस दिनों में संगठित व असंगठित क्षेत्र के हजारों श्रमिकों से संपर्क हो चुका है। सभी ने भामसं के सिद्धांतो व विचारों के प्रति सजगता दिखाते श्रमिक हित में किए गए कार्यों में रूचि दिखा रहे है। श्री साहू ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की माली दशा अत्यंत ही सोचनीय है, जिन्हें श्रम कानूनों के तहत न्यूनतम वेतन मिलता है न ही भविष्य निधि का लाभ दिया जा रहा है और न ही बीमा चिकित्सा की समुचित व्यवस्था है, जहां सरकार नियोजक है, वहां भी असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का बेहद शोषण हो रहा है। निजी क्षेत्र में भी बुरा हाल है। आठ की जगह बारह-बारह घंटे तक मजदूरों से काम लिया जा रहा है और उन्हें सुविधाओं के नाम पर ठेंगा दिखाया जा रहा है।

भामसं के जिला मंत्री श्री साहू ने कहा कि श्रमिक संपर्क के दौरान मजदूर संघ को यह पता चला कि अनेक लोग ऐसे भी हैं। जिनके पास जो भूमिहीन व आवासहीन भी है, किन्तु इनके लिए सरकार की कोई योजना नहीं है। इसके लिए क्षेत्र में व्यापक संघर्ष अभियान संगठन की ओर से चलाया जाएगा। श्रमिक संपर्क अभियान में मोहला-मानपुर जिले के गोटाटोला, मोहभट्ठा, दनगढ़, गोपलिनचुवा व बिहरीकला में ग्रामीण मजदूरों से व्यापक संपर्क किया गया। इस दौरान गोपाल पुजारी, हेमंत साहू, सौम्य पुजारी, उत्तरा साहू, मालती मंडावी, भारती शर्मा, धनेश्वरी साहू, दुकालू कौशिक सहित बड़ी संख्या में भामसं कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह अभियान आगामी 20 दिसंबर तक अनवरत तौर पर प्रारंभ रहेगा।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ, दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्वच्छ शौचालय अभियान 2.0 तथा सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 से 20 दिसंबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधिया आयोजित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। निर्देश के अनुक्रम में नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ने व स्वच्छता अपनाने जागरूक करने शीतला माता मंदिर परिसर से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। जिसमें अधिकारी-कर्मचारियों, स्वच्छता दीदीयों व सफाई मित्रों ने सिद्ध पीठ मां शीतला माता मंदिर परिसर तथा रानीसागर व बूढ़ासागर के किनारे स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की।

### सौंपा गया दायित्व

आयुक्त ने कहा कि नागरिकों को शासन द्वारा एक वर्ष में हुए जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित हुए हितग्राहियों के विषय में बताना तथा चौक-चौराहों में सैल्फी जोन का निर्माण कर हैं। पखवाड़ा के सफल आयोजन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। स्वच्छता के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदी तथा सफाई मित्र तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### स्वच्छता दीदीयों का किया जाएगा सम्मान

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार के निर्देश पर स्वच्छ शौचालय अभियान 2.0 तथा राज्य सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 से 20 दिसंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिसके तहत शहर में स्वच्छता अभियान चलाकर जल स्त्रोतो तालाब तथा सार्वजनिक क्षेत्र में आमजनों के माध्यम से सफाई अभियान किया जाना है। स्वच्छता दीदी उत्सव के तहत एसएलआरएम सेन्टरों मे स्वच्छता दीदीयों के लिए खेलकूद एवं रंगोली प्रतियोगिता, कबाड़ से जुगाड से सजावटी व कलाकृति बनाना तथा स्वच्छता दीदीयो का सम्मान करना है।

### कनेरी मंडई 15 को

**टाटेकसा।** ग्राम कनरी में 15 दिसंबर को मंडई का आयोजन रखा गया है और लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी चंपा बसन भकुर्रा (छुरिया) वालों का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी कौशल चंद्रवंशी ने दी।

## भगवान गौतम बुद्ध प्रवेश द्वार निर्माण की मांग

**राजनांदगांव।** आम्बेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष प्रतीक मेश्राम एवं संघमित्रा महिला मंडल की अध्यक्ष प्रतिमा वासनिक एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने शुक्रवार को भगवान गौतम बुद्ध प्रवेश द्वार पुराना स्टेट बैंक के पास निर्माण कराए जाने के संबंध में महापौर हेमा देशमुख के निवास में सूर्यकांत जैन के सहयोग से ज्ञापन सौंपा गया। महापौर द्वारा भगवान गौतम बुद्ध प्रवेश द्वार का यथाशीघ्र निर्माण कराए जाने हेतु आश्वस्त किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जयप्रकाश गोसाई, सतीश सोनपिपरे, नवीन हुमने, संदीप ठावरे, राहुल सोनपिपरे, नंदा सहारे, देवाशीष चिमनकर, मंगल सिंह, जितेश सिमनकर तथा वार्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।



## अनिवार्य सेवा ठप और सरकार मना रही जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेश में नगरीय निकाय के कर्मचारी वेतन एवं अपनी अन्य मागों को लेकर विगत तीन-चार दिनों से हड़ताल में है। जिसके कारण शहर की व्यवस्था चौपट हो गई है और नागरिकों को दी जाने वाली मूलभूत सुविधा पेयजल सप्लाई बाधित हो गई है। वहीं शहर में सफाई व्यवस्था ठप हो गई है। दूसरी ओर सरकार जश्न मना रही है। यह बातें महापौर एवं प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हेमा सुदेश देशमुख ने अपनी प्रतिक्रिया देते कही।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि सरकार अपने एक साल के कार्यकाल की उपलब्धिया गिनाते झूठी वाहवाही ले रही है। जबकि धरातल में कुछ और ही स्थिति है। उन्होंने कहा कि जब से सरकार बैठी है, प्रदेश में अराजक्ता का माहौल निर्मित हो गया है। अधिकारी-कर्मचारी अपनी मांगों के लिए हड़ताल पर हड़ताल किए जा रहे हैं, किन्तु यह सरकार इन्हें नजर अंदाज कर जश्न मनाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का नगरीय निकाय विभाग सबसे महत्वपूर्ण विभाग होता है और निकाय के कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े हैं। जिसके लिए वे हड़ताल कर रहे हैं। जबसे सरकार बैठी है, तब से निकाय के कर्मचारी तीसरी बार हड़ताल कर रहे हैं। इसी प्रकार अन्य विभाग के कर्मचारी भी हड़ताल में लगे हुए हैं। जबकि अधिकारी और कर्मचारी ही सरकार के प्रमुख अंग होते हैं। यह इस सरकार की एक साल की उपलब्धि है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि नगरीय निकाय कर्मचारी हड़ताल से शहर की व्यवस्था ठप हो गई है। चारो ओर कचरों का अंबार लग गया है। वहीं पेयजल प्रभावित हो रही है, लेकिन यह सरकार इनको नजर अंदाज कर जश्न मना रही है। उन्होंने कहा कि भरे दीवाली में कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला। जिसकी मांग वो शुरू से करते आ रहे हैं। कर्मचारी हितैषी बात करने वाली सरकार कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रही है। एक तारीख को वेतन देने का फरमान जारी करने से कुछ नहीं होता, वेतन के लिए फंड देना होता है। ये सरकार सिर्फ घोषणावीर बनकर रह गई है। विकास कार्य के लिए राशि देने घोषणा की जाती है, पर राशि आती नहीं है।

श्रीमती देशमुख ने कहा कि सरकार महतारी वंदन योजना में राशि देने की बात करती है, लेकिन पात्र महिलाओं के खाते में राशि ही नहीं आती तथा कई पात्र महिलाएं आवेदन देने के बाद भी लाभ से वंचित है। इसी प्रकार किसानों को बोनस देने की बात करें तो जितनी घोषणा की गई थी, उससे कम राशि दी जा रही है तथा धान खरीदी में भी गड़बड़ी व्याप्त है। उन्होंने कहा कि सरकार का कार्यकाल पूरी तरह से विफल रहा। सरकार कर्मचारियों एवं गरीबों के हित में कार्य करें। निकाय कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उन्हें वेतन दे, उसी प्रकार महंगाई कम कर आम नागरिकों को राहत पहुंचाएं, तब अपनी उपलब्धि गिनाए।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 14 दिसंबर 2024



# समिति प्रबंधकों ने दिया अल्टीमेटम, उठाव तेज नहीं हुआ तो 19 से बंद करेंगे खरीदी

## राइस मिलर्स और कम्प्यूटर ऑपरेटर के बाद अब समिति प्रबंधकों ने भी खड़े किए हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राइस मिलर्स के असहयोग आंदोलन एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल की वजह से पहले ही प्रभावित चल रही धान खरीदी अब पूरी तरह से ठप होने की स्थिति में आ गई है। जिले के सभी 96 उपार्जन केंद्र के समिति प्रबंधकों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को चेतावनी देते 18 दिसंबर तक उठाव की रफ्तार में तेजी लाने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर जिलेभर में 19 दिसंबर से खरीदी बंद करने की बात कही है। इधर उठाव नहीं होने के कारण जिले में 28.58 लाख क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि इस बार की धान खरीदी में उठाव की सुस्त रफ्तार चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले सप्ताह जरूर सरकार से सकारात्मक संकेत मिलने के बाद राइस मिलर्स ने उठाव शुरू कर दिया था, लेकिन हाल ही में हुई कैबिनेट की बैठक में उनकी मांगे पूरी नहीं होने के बाद मिलर्स ने दोबारा हड़ताल शुरू कर दी है। मिलर्स की हड़ताल की वजह से धान का उठाव ठप हो गया है। जिसकी वजह से उपार्जन केंद्रों में धान जाम हो गया है। बफर लिमिट से अधिक धान होने के चलते समितियां भी नई खरीदी नहीं कर पा रही है। ऐसी स्थिति को देखते शुक्रवार को जिले के सभी 96 समिति प्रबंधकों ने एक बैठक की और इसमें निर्णय लिया कि 18 दिसंबर तक उठाव की रफ्तार तेज नहीं हुई तो खरीदी बंद कर दी जाएगी। जिले में अब तक 31 लाख क्विंटल खरीदी की गई है, जबकि महज 2.54 लाख क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है।

### 74 मिलर्स का पंजीयन

ऐसा भी नहीं है कि जिले में मिलर्स ने उठाव शुरू नहीं किया हो। शासन से आश्वासन मिलने के बाद जिले में भी करीबन 74 राइस मिलर्स ने मिलिंग के लिए अपना अनुबंध करा लिया था। एक लाख क्विंटल उठाव का डीओ भी जारी हो गया है, लेकिन सरकार से सभी मांगे पूरी नहीं होने के बाद मिलर्स ने फिर से अपना असहयोग आंदोलन शुरू कर दिया है। जिले में कहीं भी मिलर्स धान नहीं उठा रहे हैं।



### जिले के 96 में 85 केंद्रों की हालत खराब, धान जाम

समिति प्रबंधक संघ के अध्यक्ष किशुन देवांगन से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 96 में से 85 केंद्र ऐसे हैं, जहां बफर लिमिट से दो से तीन गुना धान डंप है। वहीं उठाव नहीं होने से सभी समितियों में नई खरीदी असंभव नजर आ रही है। यही कारण है कि संघ ने ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देकर 19 दिसंबर से खरीदी करने में असक्षमता जताई है।

**तीन मांग को लेकर ऑपरेटर हड़ताल में :** इधर राइस मिलर्स के बाद 12 दिसंबर से धान खरीदी केंद्रों में कार्य करने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर भी हड़ताल में चले गए हैं। कम्प्यूटर ऑपरेटर अपनी तीन मांगों को लेकर अश्चितकालीन हड़ताल में गए है। जिससे खरीदी प्रभावित हुई है। उनकी मांग है कि डॉटा एंट्री ऑपरेटर को खाद्य विभाग में संविलियन किया जाए। वेतनमान में 27 फीसदी वृद्धि का लाभ 2022-23 से मिले।

## खबर संक्षेप

### न्यायालय के आदेश पर ग्राम बासुला सरपंच चुनाव में लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम बासुला सरपंच चुनाव को लेकर माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने बीते 4 दिसम्बर को जारी एक आदेश के बर्खास्त सरपंच कमलेश साण्डे के प्रकरण में आदेश जारी किया है। जिसमें ग्राम में होने वाले सरपंच चुनाव पर रोक लगा दिया गया है।

ग्राम बसुला के सरपंच पर बिना ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पारित किए 1,10,454 रुपए का चेक जारी करने एवं उक्त चेक जारी करने के एवज में बारह हजार रुपए मांगने के आरोप में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा बीते 28 अक्टूबर को सरपंच पद से बर्खास्त कर दिया गया था। वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा सरपंच चुनाव कराए जाने हेतु आदेश जारी कर दिया गया था। बर्खास्त सरपंच कमलेश साण्डे ने बताया कि उन्होंने अपने अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश दाण्डेकर के माध्यम से उक्त आदेश के विरोध में हाईकोर्ट में रिट पीटिशन दायर कर तर्क प्रस्तुत किया कि उक्त जारी चेक के नम्बर का कहीं जिक्र नहीं है और रिश्वत मांगने का मात्र आरोप है, सुसंगत प्रमाण प्रस्तुत नहीं है।

वहीं बर्खास्तगी आदेश से पूर्व उचित न्यायिक प्रक्रिया का पालन नही किया गया। इस सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट का न्याय दृष्टान्त भी प्रस्तुत किए, जिस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बिभू दत्ता गुरु ने ग्राम बासुला के आगामी सरपंच चुनाव पर स्थगन आदेश जारी कर सह अंतरिम राहत प्रदान की है।

### निगम में पांच लाख, नपा में दो लाख एवं नपं में 75 हजार खर्च कर पाएंगे प्रत्याशी

# चुनावी तस्वीर होगी साफ : 19 को पांच निकाय के 120 वार्डों का होगा आरक्षण

*आगामी दिनों होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अब वार्डों के आरक्षण की तैयारी शुरू हो गई है। जिले के पांच नगरीय निकाय के 120 वार्डों का आरक्षण करने के लिए 19 दिसंबर को प्रक्रिया की जाएगी। इस दिन नगर निगम राजनांदगांव, डोंगरगढ़ नगर पालिका के साथ ही डोंगरगढ़, एलबी नगर एवं छुरिया नगर पंचायत की चुनावी तस्वीर साफ हो जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला प्रशासन ने भी प्रदेश स्तर से निर्देश मिलने के बाद आरक्षण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। बताया गया कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 के प्रावधान अनुसार नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के वार्डों के आरक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा।

नगर पालिक निगम राजनांदगांव के वार्डों के आरक्षण की कार्रवाई 19 दिसम्बर को शाम 4 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में की जाएगी। इसी तरह नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के वार्डों का आरक्षण 19 दिसम्बर को दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। नगर पंचायत डोंगरगांव के वार्डों का आरक्षण 19 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में, नगर पंचायत छुरिया के वार्डों का आरक्षण 19 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष तथा नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के वार्डों का आरक्षण दोपहर 1.30 बजे किया जाएगा। जिले के नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया एवं लाल बहादुर नगर के वार्डों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा महिलाओं के लिए आरक्षित करने की कार्रवाई लॉट डालकर की जाएगी।

**खास बातें**

- 19 दिसंबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में पूरी की जाएगी प्रक्रिया
- निकायों में एसटी, एससी, ओबीसी के साथ ही महिला वर्ग के लिए वार्ड किए जाएंगे आरक्षित



### खर्च सीमा भी हुई तय

इधर पार्षदों के चुनाव को लेकर खर्च सीमा भी तय कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम के पार्षद प्रत्याशी पांच लाख रुपए खर्च कर पाएंगे। वहीं नगर पालिका परिषद के पार्षद प्रत्याशी 2 लाख रुपए तक चुनावी खर्च कर पाएंगे। नगर पंचायत के पार्षद प्रत्याशियों के लिए चुनावी खर्च की सीमा 75 हजार रुपए तय की गई है। ज्ञात हो कि राजनांदगांव नगर निगम में 51, डोंगरगढ़ नगर पालिका में 24 एवं खुज्जी, डोंगरगांव और एलबी नगर नगर पंचायत में 15-15 वार्ड हैं।

### पंचायत चुनाव का आरक्षण 17 को, स्थगित होने के आसार

इधर नगरीय निकाय से पहले त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भी आरक्षण प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश जारी किए गए थे। जिले में 17 दिसंबर को पंच, सरपंच पदों को लेकर आरक्षण प्रक्रिया पूरी होनी है। वहीं अगले दिन जनपद सदस्यों एवं जिला पंचायत के सदस्यों को लेकर आरक्षण प्रक्रिया की जाएगी। हालांकि आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरक्षण की इस प्रक्रिया को स्थगित किया जा रहा है। प्रदेश स्तर पर त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आरक्षण को लेकर नई तारीख का ऐलान किया जा सकता है। हालांकि खबर लिखने तक स्थगन को लेकर कोई आधिकारिक आदेश नहीं आया था।

# सरकारी आदेशों की अवहेलना, दो प्रधान पाठक हुए निलंबित

**खास बातें**

- डीईओ ने लिया एक्शन, दो दिनो में आधा दर्जन सरकारी शिक्षकों पर कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सरकारी आदेशों की अवहेलना करना एवं शासकीय कार्य में लापरवाही बरतना दो प्रधान पाठकों को भारी पड़ गया है। डोंगरगांव विस के पथराटोला एवं आरी स्थित सरकारी स्कूलों में पदस्थ इन दोनों ही प्रधान पाठकों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले गुरुवार को भी तीन शिक्षक एवं एक प्राचार्य के खिलाफ एक्शन लिया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव ब्लॉक स्थित शासकीय प्राथमिक शाला पथराटोला के प्रधान पाठक सुखदेवराम लाउत्रे को शालेय कार्य में अनुपस्थित रहना, शालेय दस्तावेजों का संधाराण नहीं करना और शासकीय आदेशों का पालन नहीं करने को लेकर निलंबन की कार्रवाई की गई है। ऐसे ही शासकीय प्राथमिक शाला आरी के प्रधान पाठक संजीव गंधर्व द्वारा शालेय कार्य में अनुपस्थित रहने, शासकीय आदेशों का पालन नहीं करने को लेकर निलंबित किए गए हैं।

**महीनेभर का वेतन कटा**

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल गुरुवार को डोंगरगढ़ ब्लॉक में आकास्मिक निरीक्षण पर निकले थे। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यिकम शाला बधियाटोला में भरत लाल साहू, पंकज जादव एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की शिक्षिका सविता वैद्य के अनुपस्थित रहने पर तीनों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। वहीं विद्यालय की प्राचार्य डॉ. कुसुम दीवान की अनियमित उपस्थिति के चलते उनका एक महीने का वेतन काटने की कार्रवाई की गई है।

# सायबर जागरुकता अभियान का दिखा असर पीड़ितों की रकम वापस मिलने पर खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे समर्थ सायबर जागरूकता अभियान का व्यापक असर दिखने लगा है। साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों की रकम पुलिस द्वारा वापस दिलाने से पीड़ितों के चेहरों में मुस्कान आई है।

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन मे समर्थ अभियान के तहत जिला क्षेत्रांतर्गत सायबर जागरूकता शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को सायबर संबंधित अपराधों से बचने एवं फ्रॉड होने पर क्या करना और क्या नहीं करना चाहिए, इस संबंध में विस्तृत जानकारी लगातार जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दिया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा लोगों



को जागरूक करने के साथ पुलिस का सहयोग करने की अपील के साथ अभियान चलाया जा रहा है, जो निरंतर जारी रहेगी। उपरोक्त कार्रवाई में थाना खैरागढ़ पुलिस का सराहनीय योगदान रहा। किसी भी प्रकार से ऑनलाइन फ्रॉड होने पर नजदीकी थाना व चौकी एवं सायबर क्राईम पोर्टल, टोल फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करने हेतु निर्देश दिया गया।

### आवेदकों के चेहरे पर आई मुस्कान

12 दिसंबर को पीड़ितों के 1930 हेल्प लाइन नंबर के माध्यम से होल्ड कराए गए ठगी के रकम की वापसी हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष थाना खैरागढ़ के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया गया था। प्रकरणों का अवलोकन कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार लगभग 143119 अलग-अलग पीड़ितों को वापस सुपुर्द करने आदेश की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। रकम की वापसी पर सायबर ठगी के शिकार हुए आवेदकों के चेहरों पर मुस्कान आई और केसीजी पुलिस को आभार करते उनका चेहरा खिल उठा।

# पंचायत चुनाव आरक्षण 17 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तुलिका प्रजापति द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन अधिनियम अंतर्गत जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष/सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटन/आरक्षण की कार्रवाई कार्यालय कलेक्टर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के सभाकक्ष में 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे किया जाएगा।



उक्त कार्रवाई की प्रक्रिया देखने के लिए जिले के नागरिकगण उपस्थित हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन अधिनियम अंतर्गत जिले के जनपद पंचायत मोहला-मानपुर-अं.चौकी के निर्वाचन क्षेत्र एवं अध्यक्ष पदों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा सभी प्रवर्गों के महिला हेतु लॉट द्वारा आरक्षण की कार्रवाई 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे जिला कार्यालय मोहला-मानपुर-अं.चौकी के सभाकक्ष में किया जाएगा। इसी प्रकार सरपंच एवं पंच के आरक्षण की कार्रवाई स्वर्गीय लाल श्याम शाह नवीन महाविद्यालय मोहला के कक्ष क्रमांक 1, 2 एवं 3 में किया जाएगा।

# सड़क, पानी और भवन निर्माण की समस्या लेकर पहुंचीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम खपराभांठा की महिलाएं आज गांव में सड़क, पेयजल और तीन वर्षों से अधूरे पड़े भवन निर्माण की समस्या लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची। महिलाओं ने यहां कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान करने की मांग की है।



ग्राम खपराभांठा से कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची सुनीता साहू, अन्नू साहू सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि गांव में महिला भवन निर्माण कार्य किया गया है, जो तीन वर्षों से अधूरा पड़ा है। भवन निर्माण पूर्ण करने कई बार पंचायत में सरपंच-सचिव को आवेदन के माध्यम से शिकायत करने के बाद भी इस ओर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**सड़क और पानी की समस्या :** कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची महिलाओं ने गांव में पेयजल की समस्या को लेकर भी कलेक्टर को अवगत कराया है। उन्होंने अपने ज्ञापन में कहा कि गांव में पेयजल के लिए अमृत जल मिशन योजना से पानी की टंकी तो बना दी गई है, लेकिन अब तक पाईप लाइन नहीं बिछा है। जिसकी वजह से लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं उन्होंने गांव की कच्ची सड़क के निर्माण को लेकर भी मांग की है।

### जिला स्तरीय मौन प्रदर्शन का आयोजन, धान खरीदी केंद्र में भी करेंगे प्रदर्शन

# प्रदेश सरकार को घेरने मौन प्रदर्शन, गिनती के ही जुटे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कांग्रेस द्वारा पांच दिवसीय विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला स्तरीय मौन प्रदर्शन के पहले दिन ही चंद कांग्रेसी कार्यकर्ता ही जुटे।

प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध, कानून व्यवस्था, सरकार की विफलताओं और अन्य मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के खिलाफ शहर के जयस्तंभ चौक में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तरीय मौन धरना एवं पोस्टर प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान कांग्रेसियों द्वारा प्रदेश सरकार की एक वर्ष के कार्यकाल को असफल बताया गया।

**पोस्ट के माध्यम से सरकार को घेरा**

कांग्रेस द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मौन प्रदर्शन में प्रदेश की सरकार को घेरने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की भीड़ नजर नहीं आई। इस धरना प्रदर्शन में चंद पदाधिकारी और कार्यकर्ता ही शामिल हुए। इस दौरान पोस्ट के माध्यम से प्रदेश सरकार को बलौदाबाजार अग्निकांड, लोहड़ीगुड़ा हत्याकांड, आदिवासी फर्जी मुठभेड़, बलरामपुर पुलिस अभिरक्षा में मौत, हरदेव जंगल कटाई और महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार के मामले में घेरा गया। इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, हेमा देशमुख, कमलजीत सिंह पिंटू, कुतबुद्दीन सोलंकी, सूर्यकांत जैन, माया शर्मा, डॉ. रुबीना अल्वी, अमित चंद्रवंशी, दुलारीबाई साहू, महेश साहू, प्रज्ञा गुप्ता, बबलू, रोशनी सिंह और अशोक फड़नवीस सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।



### लगातार प्रदर्शन की योजना

दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बताया कि 13 से 17 दिसंबर तक कांग्रेस के विभिन्न विंग द्वारा अलग-अलग दिन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें 13 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रदर्शन के बाद अब 14 दिसंबर को महिला कांग्रेस द्वारा महिला सुरक्षा पोस्टर प्रदर्शन, 15 दिसंबर को एनएसयूआई द्वारा छात्रहित के मुद्दों को लेकर प्रदर्शन, 16 दिसंबर को युवा कांग्रेस द्वारा युवाओं के साथ अन्याय, रोजगार, शिक्षकों की भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन और 17 दिसंबर को प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा किसानों के हितों के लिए धान खरीदी केंद्रों में प्रदर्शन किया जाएगा।


### प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल

कांग्रेस द्वारा 13 से 17 दिसंबर तक प्रदेश सरकार के खिलाफ किए जा रहे इस धरना प्रदर्शन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि प्रदेश की सरकार अपनी 1 साल की उपलब्धि बता रही है, लेकिन प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है। सरकार हर मोर्चे पर नाकाम है। एक वर्ष में कहीं विकास नजर नहीं आ रहा है। आम जनता परेशान है, किसान परेशान है। उन्होंने कहा कि किसान अपने धान की उपज बेचने सोसायटियों में भटक रहे हैं।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➜ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➜ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➜ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➜ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

**खबर संक्षेप**

## क्षेत्र में 18 दिसम्बर को धूमधाम से मनाई जाएगी संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती



**हरिभूमि कवर्धा।** शहर सहित क्षेत्र में 18 दिसम्बर को संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जयंती मनाने की तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है। वहीं क्षेत्र की सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने बैठक लेकर बाबा गुरू घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। वहीं ग्राम बरबसपुर में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती 18 दिसम्बर को धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही साथ 18 दिसम्बर को सुबह से शाम तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें रक्तदान, गुरु घासीदास बाबा की भव्य शोभा यात्रा, जोड़ा जैतखाम में ध्वज वंदन, पंथी नृत्य किया जाएगा। साथ ही समाज के माताओं-बहनों के साथ मिलकर कार्यक्रम को सफल मनाया जाना है और गुरु घासीदास का पूजा-पाठ और पूजन के बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा, जयंती को लेकर सतनामी समाज समिति के पदाधिकारी तैयारी में जुट गए हैं। जयंती को लेकर समाज के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

## भगतपुर में विविध कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर में विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली, चित्रकला, फैंसी-ड्रेस, पोस्ट-लेखन कार्य आदि का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस विविध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभा जिसमें प्रथम फैंसी ड्रेस में राधिका, द्वितीय मानवी व रंगोली में प्रथम नंदिनी व द्वितीय राधिका रहीं। इस प्रतियोगिता में प्रधान पाठक सुरेखा चंद्रवंशी, सुश्री राजकुमारी, शिक्षिका श्रीमती शकुंतला यदु, उत्तम वर्मा व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## ग्राम बाझीमौहा का शौचालय जर्जर, स्कूली बच्चों को खुले में जाना पड़ रहा है सभी बच्चे परेशान



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक स्कूल बाझीमौहा परिषर में स्थित शौचालय अत्यंत जर्जर एवं बदहाल तथा क्षतिग्रस्त होने से स्कूली छात्र छात्राओं को हासदा को आमंत्रण दे रहा है। जिस पर ग्रामीणों विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा जर्जर व बदहाल शौचालय को तत्काल नव-निर्माण कराएं जाने की मांग की गई ताकि स्कूली छात्र छात्राओं को सुविधा मिल सकें।

## भाकूर में शिक्षा समीक्षा बैठक संपन्न




**हरिभूमि कुई-कुकदुर।** सुंदूर वनांचल क्षेत्र के संकुल भाकुर में शुक्रवार को संकुल प्राचार्य पोलमी अंतर्गत आने वाले संकुल पोलमी भाकुर व सेंदुरखार के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक एबीईओ दीपक ठाकुर व बीआरसीसी अर्जुन चंद्रवंशी द्वारा शिक्षा समीक्षा बैठक लिया गया साथ ही साथ संकुल में शैक्षिक समन्वयक शिक्षक गण भी उपस्थित थें। जिसमे अपार आईडी शाला संचालन एमडीएम जाति प्रमाण आदि के संबंध में बैठक लिया।

## मानव अधिकारों का संरक्षण विश्व के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतीः बृजभूषण वर्मा




**हरिभूमि पिपरिया।** मंहत श्री राम जानकी शरण दास वैष्णव शासकीय महाविद्यालय पिपरिया में विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी बृजभूषण वर्मा ने मानव अधिकारों के बारे में बताते हुए कहा कि 10 दिसम्बर को मनाया जाने वाला मानवाधिकार दिवस दुनिया भर में सर्वजन के लिए समानता, न्याय और गरिमा सुनिश्चित करने के महत्व की याद दिलाता है, किंतु आज की वर्तमान परिस्थिति में मानव अधिकारों का संरक्षण सबसे बड़ी चुनौती है। रेडक्रॉस नोडल अधिकारी सत्येंद्र चंद्रवंशी ने बताया कि मानवाधिकार सार्वभौमिक और अविभाज्य हैं। मानवाधिकार किन्हीं देशों की तरफ से प्रदान नहीं किए जाते ये अधिकार मानव होने के नाते हर जगह, हर किसी व्यक्ति का हक हैं ये अधिकार जाति, लिंग, राष्ट्रीयता या मान्यताओं से ऊपर हैं और सर्वजन के लिए समानता और गरिमा सुनिश्चित करते है। वहीं सीआर साहू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मानव अधिकार दिवस का थीम होता है। 2024 के मानवाधिकार दिवस की थीम हमारे अधिकार, हमारा भविष्य है। डॉ सरस्वती राठौर ने कहा कि मानवाधिकार केवल अमूर्त विचार नहीं हैं इन्हें विभिन्न घोषणाओं, सन्धियों और विधेयकों के जरिए व्यावहारिक मानकों में बदला गया है। इसी क्रम में सुश्री नंदिनी टंडन ने 76वीं वर्षगांठ पर इस बात पर बल दिया गया है कि खासतौर पर संकट के समय में मानवाधिकार, एक निवारक, सुरक्षात्मक तथा परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में कार्य कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### आगजनी: किसानों को भारी नुकसान, फसल जलकर खाक

# 11 केव्ही बिजली तार शॉर्ट सर्किट से 3 एकड़ की गन्ना फसल में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय कवर्धा से 7 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम बरबसपुर में 11 केव्हीं बिजली तार शॉर्ट सर्किट से 3 एकड़ की गन्ना फसल में भीषण आगजनी के मामले सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण किसान गुमान कोसले की 1 एकड़ 50 डिसमिल व रामचंद्र कोसले की 75 डेसिमील तथा सीताराम के आधा एकड़ की खेत में खड़ी गन्ना फसल में भीषण आग लगने से परिपक्व गन्ना फसल जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि 11 केव्ही बिजली तार गन्ना फसल की खेतों के ऊपर से गुजरे होने के कारण अचानक शार्ट सर्किट की चिंगारी गन्ना फसल में गिरने से गन्ना की फसल में भीषण आग लग गई।

वहीं पेट्रोल की तरह दहकते होने के कारण आग इतनी तेजी से फैल गई जिससे ग्रामीण किसानों को भारी नुकासान व तीन एकड़ की गन्ना फसल जलकर खाक हो गया। वहीं ग्रामीण किसानों इस भीषण आग पर काबू पाने के लिए बोर के पानी से आग को बुझाने की प्रयास किया लेकिन आग की लपटे इतनी भीषण व भयानक थी कि ग्रामीण किसान की तीन एकड़ की गन्ना फसल जलकर राख हो गया वहीं ग्रामीण किसान गुमान कोसले, रामचंद्र कोसले व सीताराम को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा।

### ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग



ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार गन्ना फलस के ऊपर से गुजरने वाली 11 केव्ही बिजली तार के कारण ग्रामीण किसान की तीन एकड़ की गन्ना फसल खाक होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसानों का सामना करना पड़ा है। जिस पर किसानों शासन प्रशासन को किसानों की गन्ना फसल जलकर खाक होने से मुआवजा राशि दिए जाने की मांग गई ताकि किसानों को राहत मिल सके। यह बताना लाजिमी होगा कि शहर व क्षेत्र में इन दिनों गन्ना फसल की कटाई छटाई का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। वहीं क्षेत्र में आगजनी की घटना सामने आने लगी है इसके लिए शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को आगजनी से बचाव व राहत के शासन प्रशासन को हमेशा तैयार रहना चाहिए ताकि किसानों को सही समय में फायर ब्रिगेड की सुविधा मिल सके।

### अधिकांश आगजनी के मामले बिजली तार शॉर्ट सर्किट के ही कारण

यहां बताना लाजमी होगा कि क्षेत्र के ग्रामीण किसानों द्वारा धान फसल के साथ ही साथ अधिकांश किसान गन्ना फसल की खेती किसानी कार्य किया जाता है वहीं क्षेत्र में आगजनी के अधिकांश मामले बिजली तार की शॉर्ट सर्किट होने से ग्रामीण किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है।

## वर्षों से कंडम पड़ी सिटी बसे, फिर से प्रारंभ किए जाने कोई पहल नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर व क्षेत्र में आम नागरिकों को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से सीटी बस प्रारंभ किया। इसका लाभ शहर सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने शहर में सिटी बस सेवा संचालित किया गया। लेकिन शासन प्रशासन की अनदेखी व रेख रेख के अभाव में सिटी बस के पहिए थम गए वहीं सिटी बस कंडम हो चुके बसों की सुधार भी नहीं कराया जा सका, जिसका खामियाजा शहर व क्षेत्र के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय कवर्धा सहित पंडरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहारा, पिपरिया, कुण्डा, इंदौरी तक रुट के लिए सिटी बस चलने से विद्यार्थी, व्यापारी तथा आम नागरिकों को निजी परिवहन सुविधा की तुलना में सिटी बसों का किराया कम रहता है, लेकिन जिले में सिटी बस सुविधा बंद होने से यात्री प्राइवेट बसें, ऑटो व छोटे सवारी वाहनों में महंगा सफर करने मजबूर हैं।

### क्षेत्र के छात्र छात्राओं को भारी परेशानी

ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राएं रोजाना स्कूल व कॉलेज की पढ़ाई लिखाई करने के लिए नगरीय निकाय व गांवों से जिला मुख्यालय पहुंचते हैं। वहीं व्यापारी जो कवर्धा व्यापार के लिए पहुंचते हैं सिटी बस में अधिकतम 5 से 10 रुपए ही किराया लगता है, जिसके लिए अभी 20 से 30 रुपए देना पड़ता है।

## जरूरतमंद परिवारों को वस्त्र वितरण कर शिखर युवा मंच ने बांटी खुशियां

**हरिभूमि कवर्धा।** इन दिनो जिले में व खासकर जिले के वनांचल ईलाकों में हड्डी गला देने वाली कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिसे ध्यान में रखते हुए शिखर युवा मंच के संस्थापक एवं प्रमुख भूपेश वैष्णव के मार्गदर्शन में बोड़ला विकासखण्ड़ के वनांचल ग्राम भोथी और सरोदादादर गांव में 100 से अधिक जरूरतमंद परिवारों को कपड़ों का वितरण किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों की सहायता करना था, जिसमें विशेष रूप से बैगा समुदाय के परिवार उपस्थित रहें। वहीं वस्त्र प्राप्त कर इन परिवारों के चेहरे पर एक अलग ही खुशी देखी गई। उपस्थित परिवारों ने शिखर युवा मंच के इस मानवीय कार्य के लिए मंच का आभार व्यक्त किया। यह कार्य सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हुआ और उनके लिए आशा और राहत का संदेश लेकर आया। इस पुनीत कार्य में मंच के सक्रिय सदस्य संतोष साकत, घुरवा राम ध्रुर्वे एवं हरीश यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी मेहनत और समर्पण ने इस अभियान को सफल बनाया। यह आयोजन न केवल जरूरतमंदों की मदद के लिए था, बल्कि समाज में सहानुभूति और सेवा की भावना को बढ़ावा देने का एक प्रयास भी था। शिखर युवा मंच की यह पहल समाज में एक उदाहरण प्रस्तुत करती है और दूसरों को भी इसी तरह के सेवाभावी कार्यों के लिए प्रेरित करती है। मंच के संस्थापक भूपेश वैष्णव ने इस अवसर पर कहा कि समाज के वंचित वर्गों की मदद करना मंच का प्रमुख उद्देश्य है और आगे भी ऐसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस सफल आयोजन के लिए सभी सहभागियों ने मंच को धन्यवाद दिया और उनके प्रयासों की सराहना की। शिखर युवा मंच द्वारा जरूरतमंदों की सहायता का यह प्रयास निश्चित रूप से एक सकारात्मक बदलाव की दिशा में कदम है।

डॉ. चरण दास मंहत जी
को जन्मदिन की
बहुत-बहुत बधाई
एवं हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Birthday
डॉक्टर चरण दास महंत जी
नेता प्रतिपक्ष विधानसभा छ.ग.
विनीत : युवा नेता कांग्रेस इंजी. योगेश्वर चन्द्राकर कुंडा पंडरिया

## केशरवानी समाज को मिली अतिरिक्त कक्ष की सौगात

- समाज के पदाधिकारियों ने डिप्टी सीएम के प्रति जताया आभार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



केशरवानी समाज कवर्धा सामाजिक समूहों ने समाज की सामुदायिक केशरवानी मंगल भवन पीजी कॉलेज में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अतिरिक्त कक्ष की मांग के लिए सौजन्य भेंट किए। मंत्री ने त्वरित एक-एक सामाजिक लोगो को नाम सहित पहचानते हुए उक्त मांग को स्वीकार कर नगर पालिका के सब इंजीनियर द्वारा तैयार किए गए जिसमें 6.00 लाख की एस्टीमेंट पर अपनी स्वीकृति प्रदान किए। उक्त कार्य की स्वीकृति आदेश के साथ अतिरिक्त कक्ष निर्माण की प्रक्रिया मे गुणवत्ता पूर्ण एवं निर्धारित समय मे कार्य पूर्ण करने निर्देशित भी कर चुके है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भवन हेतु 6 लाख की स्वीकृति प्रदान किए वहीं केशरवानी समाज द्वारा अतिरिक्त कक्ष की मांग पूर्ण करने के लिए समाज अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, समाज के प्रदेश संगठन मंत्री, डॉ प्रभात गुप्ता, राकेश नकछेद गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, शिव कुमार उपाध्यक्ष, राजेश गुप्ता सेवानिवृत मैनेजर एवं अन्य सामाजिक पदाधिकारी ने मंत्री के समक्ष मांग पूर्ण करने के लिए समाज की ओर से आभार व्यक्त किया।

## फोटो प्रदर्शनी से नागरिकों तक पहुंच रही योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन के एक वर्ष पूरा होने पर आज जिला कार्यालय परिसर में सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के थीम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी ने फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। फोटो प्रदर्शनी का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुचाना है। इसमें विभिन्न शासकीय योजनाओं की लाभ और उनके क्रियान्वयन की तस्वीरों के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। जिला कार्यालय में आने वाले नागरिकों को योजनाओं से संबंधित पत्रिकाओं और जनमन का वितरण किया गया। इस दौरान प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में गहरी रुचि दिखाई। ग्रामीणों और अन्य आगंतुकों ने फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं की समझ को विस्तार से जाना और कुछ लोगों ने योजनाओं से लाभ प्राप्त करने के अनुभव भी साझा किए।

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील बोड़ला**
**जिला कबीरधाम (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं. 202410080200005
अ-19 (2) वर्ष 2024-25
ग्राम-कुसुमघटा प.ह.नं.-19

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासीगण ग्राम-प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. बोड़ला तहसील बोड़ला को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शीतल राम वर्मा, अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर कुसुमघटा तहसील-बोड़ला द्वारा ग्राम-कुसुमघटा स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 13/3 रकबा 1.15 एकड़ भूमि को सरस्वती शिशु मंदिर कुसुमघटा हेतु भूमि आबंटन किया जाने हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला-कबीरधाम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है जो श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला के माध्यम से जॉच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश सहित इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अतः उक्त संबंध जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपथित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक -18.11.2024
पेशी दिनांक -16.12.2024

मुहर

तहसीलदार बोड़ला
जिला-कबीरधाम

कवर्धा फ्रैक्चर हॉस्पिटल & ट्रामा सेंटर
डॉ. सूर्यकांत भारती
( Senior Orthopedic surgeon )
डॉ. सईद अहमद
एम.डी. मेडिसीन (रायपुर)
अब आपके शहर में सोमवार
16 दिसम्बर से रोजना O.P.D. उपलब्ध।
24 घण्टे एम्बुलेंस की सुविधा
एण्डवांस पैथों लैब की सुविधा
CT Scan xry की सुविधा
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क ईलाज
पता : बिलासपुर बायपास रोड, कवर्धा
जिला: कबीरधाम (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए सपंर्क करें - 7987772650

घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

**कवर्धा।** विष्णुदेव साय सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा आज पीजी कॉलेज डोम, कवर्धा में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग खिलाड़ियों प्रतिभाओं का सम्मान किया गया तथा दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण के लिए चिन्हांकन, मूल्यांकन शिविर भी आयोजित किया गया।
समारोह में जिले के राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विजयी दिव्यांग खिलाड़ियों एवं उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों को प्रतीक चिन्ह, शाल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को शाल और स्वेटर प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय सिंघनपुरी में अध्ययनरत समस्त दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

### आर प्रशन्ना जिले के प्रभारी सचिव नियुक्त

**कवर्धा।** राज्य के सभी जिलों में जनकल्याणकारी कार्यक्रम के क्रियान्वयन व विकास कार्य की मॉनिटरिंग के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए हैं। कबीरधाम जिले के लिए सचिव प्रसन्ना आर व बेमेतरा के लिए सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना को बनाया गया है। वे जिले में संचालित योजना व विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करेंगे ताकि विकास कार्य को गति दी जा सके। प्रभारी सचिव प्रतिमाह अपने प्रभार जिले का भ्रमण करेंगे।

### रोजगार के लिए कैम्प का आयोजन 17 को

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करने जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 17 दिसम्बर 2024 मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने रोजगार पहचान पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते हैं।

# मौसम साफ होने के बाद कवर्धा सहित अंचल में पड़ रही हड्डी गला देने वाली कड़ाके की ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते कई दिनो से आसमान में लगातार बदली छाए रहने के बाद मौसम साफ हो गया और एक बार कवर्धा सहित पूरा जिला कड़ाके की ठंड व सर्द हवाओं के झोंको से कांप रहा है। शहरी क्षेत्रों से लेकर जिले के ग्रामीण व वनांचल ईलाकों में इन दिनो हड्डी गला देने वाली ठंड महसूस की जा रही है।

वहीं अंचल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल व मिनी कश्मीर कहे जाने वाली चिल्फीघाटी बुरी तरह कांप रही है। यहां आलम ये है कि मध्य रात्रि के बाद पारा अपने न्यूनतम स्तर तक पहुंचने लगा है और क्षेत्र के लोगों को भारी ठंड का सामना करना पड़ रहा है। गौरतबलब है कि अभी हप्तेभर पहले तक मौसम का मिजाज कुछ ऐसा हो गया था कि दिनभर आसमान में बदली छाई रहती थी।

जिसके चलते ठंड लगभग गायब हो चुकी थी और लोग गर्म कपड़ों को छोड़ सामान्य कपड़ों में ही अपना काम चला रहे थे। लेकिन दो दिन पूर्व मौसम साफ होने के बाद समूचे अंचल का मौसम अचानक बदल गया है और कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। ठंड का यह असर शहरी क्षेत्र कवर्धा से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में साफ देखा जा सकता है। स्थिति ये है कि सुबह से ही चटख धूप खिल रही है बावजूद इसके ठंड अपने पूरे शवाब पर होती है। लोग बगैर गर्म कपड़ों के घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। जो धूप कुछ दिनो पूर्व तक लोगों का पसीना निकाल रही थी अब व राहत और शुकून दे रही है।

यही हाल सूर्यास्त के बाद देखने को मिल रही है। रात गहराने के साथ ही ठंड बढ़ रही है और पारा अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच रहा है। सार्वाधिक ठंड जिले के वनांचल ईलाकों में महसूस की जा रही है।

यहां लोग दिन तो जैसे तैसे काट लेते हैं लेकिन रात काटना उनके लिए बेहद कठिन हो रहा है। वहीं रही सही कसर सर्द हवा के झोंके पूरी कर रहे हैं। कुल मिलाकर इन दिनो ठंड लोगों को ठिठुरने में मजबूर कर रही है।

### चिल्फी में नजर आ रही मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता



कड़ाके की इस ठंड के मौसम में अंचल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल व मिनी कश्मीर कहे जाने वाले चिल्फी घाटी का नजारा मन को मोह लेने वाला नजर आ रहा है। आलम ये है कि कड़ाके की ठंड के बीच रात में गिरने वाली ओस सुबह तक जम रही है और खेत, खलिहानो, मैदानों, पेड़-पौधों, घरों की छतो में सफेद वर्फ की चादर सी नजर आ रही है। हालांकि यह खूबसूरत नजारा सूर्योदय के पूर्व तक ही नजर आता है। जैसे ही ओस पर सूर्य की किरण पड़ती है सफेद चादर पानी में तब्दील हो जाता है। बताया जाता है कि लोग इस खूबसूरत नजारे को देखने भोर फटने से पहले चिल्फीघाटी पहुंच रहे हैं। लेकिन इन सब के बीच स्थानीय बांसिदों को इस कड़ाके की ठंड में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## कार्रवाई : अभाविप कार्यकर्ताओं के साथ भिड़े जिले के सक्षम प्रशासनिक अधिकारी

# पंडरिया में दिखी भ्रष्ट और बेलगाम हुई नौकरशाही की शर्मनाक तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिस जिले में एक किसान अपनी गाढ़ी कमाई से पूरी कीमत चुका कर जमीन खरीदता है और अपने स्वामित्व के लिए सरकार को रजिस्टरी शुल्क देता है फिर सब कुछ सही करने के बावजूद उससे प्रमाणीकरण के नाम पर अवैध रूप से मोटी रकम ली जाती है और पचास रुपए के चालान पर शासन द्वारा दी जाने वाली पर्ची (ऋण पुस्तिका) के लिए खुलेआम चार हजार की घूस मांगी जा रही हो, अगर इन हालातों और परिस्थितियों में सत्ताधारी दल जिले में विजय दिवस मना रहा है तो कहना गलत नहीं होगा कि अभी भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर विजय पाना बाकी है। हद तो यह है कि जब पीड़ित पक्ष सक्षम अधिकारी के पास न्याय की गुहार लगाने जाता है और दोषी लोगों पर कार्यवाही की मांग करते हुए धरने पर बैठता है तो वहां के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी द्वारा पीड़ित पक्ष की बात सुनकर दोषियों पर कार्यवाही करने की बजाय पीड़ित पक्ष को ही भगाते हुए उनके साथ स्वयं किसी गुंडे मवाली की तरह झूमा झटकी करने लगते हैं। यह पूरा घटनाक्रम और जिले के तहसील कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार खुला खेल आज जिले के सोशल मीडिया लगातार वॉयरल हो रहा है। दरअसल यह पूरा मामला जिले की पंडरिया तहसील का है। जहां किसान परिवार के सदस्य हीरेन्द्र बघेल के परिजनो द्वारा खरीदी गई जमीन के प्रमाणीकरण कराने के नाम पर 25000 रूपए की घूंस लेने और अब पर्ची (ऋण पुस्तिका ) के लिए चार हजार रूपए की और चढ़ौत्री मांगने का आरोप क्षेत्र के हल्का नम्बर 43 के पटवारी डोमन साहू पर लगाया गया है। जिसका बकायदा ऑडियो भी जारी किया गया है। हालांकि इस ऑडियो की प्रमाणिकता की पुष्टि हम नहीं कर सकते यह जांच का विषय है। बताया जाता है कि पटवारी के इसी भ्रष्टाचारी कृत्य पर कार्यवाही की मांग को लेकर बीते गुरूवार को पीड़ित हीरेन्द्र बघेल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ पंडरिया अनुविभागीय कार्यालय पहुंचा था। लेकिन अभाविप की माने तो अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पीड़ित पक्ष की समस्याओं को सुना तक नहीं गया। जिससे छुब्ध होकर अभाविप के कार्यकर्ता कार्यालय के सामने ही धरने पर बैठ गए। बताया कि अभाविपा के घंटों चले धारना प्रदर्शन के बाद अनुविभागीय अधिकारी अपने कार्यालय से बाहर निकले और मौके पर उपस्थित पुलिस बल से अभाविप के कार्यकर्ताओं को कार्यालय परिसर से भगाने के लिए कह दिया। लेकिन अभाविप के कार्यकर्ता अपनी मांगों पर अड़े रहे, जिसके बाद जो कुछ हुआ वह इससे पहले कभी नहीं हुआ। बताया जाता है कि एक सक्षम प्रशासनिक अधिकारी स्वयं ही कार्यकर्ताओं से भिड़ गए और दोनो पक्षों के बीच जमकर झूमा झटकी और वाद विवाद हुआ। जो निश्चित रूप से काफी चिंतनीय और शर्मनाक है।

### वॉयरल ऑडियो में भ्रष्टाचार की खुली पोल



सोशल मीडिया में वॉयरल हो रहे पीड़ित किसान और हल्का पटवारी के बीच अपुष्ट ऑडियो में पटवारी ने पंडरिया तहसील कार्यालय में खुलेआम चल रहे भ्रष्टाचार की जिस ढंग से पोल खोली है वह बेहद चिंतनीय और शासन-प्रशासन को शर्मसार करने वाला है। पटवारी ने ऑडियो में स्पष्ट किया है कि अगर किसान को ऋण पुस्तिका चाहिए तो उसे चार हजार रूपए देना होगा तभी तहसीलदार साहब पर्ची जारी करेंगे। पटवारी ने वॉयर ऑडियो में यह भी कहा कि एक दूसरे व्यक्ति ने मांगी गई रकम नहीं दी तो वह बीते 6 माह से चक्कर काट रहा है। पटवारी के इस वॉयरल ऑडियो को सुनकर समझा जा सकता है कि पंडरिया और जिले की तहसीलों से लेकर सरकारी विभागों में किस तरह की भ्रष्टाचारी खुलेआम चल रही है और सत्ताधारी चुने हुए जनप्रतिनिधि इस भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर लगाम लगाने की बजाए कहीं विकास का तो कहीं विजय का साल मना रहे हैं।

### अधिकारी को सुननी थी पीड़ितों की समस्या

अगर कोई पीड़ित पक्ष सक्षम अधिकारी के पास न्याय की गुहार लगाने जाता है और दोषी पर कार्यवाही की मांग करते हुए धरने पर बैठता है तो वहां के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी द्वारा पीड़ित पक्ष की बात सुननी चाहिए। इस मामले में भी अगर एसडीएम साहब चाहते तो धरने में बैठे कुछ लोगों को अपने पास बुला लेते, वे चाहते तो आरोपी पटवारी और तहसीलदार को भी तलब कर सकते थे और मौके पर ही पूछताछ कर पीड़ित किसान का लंबित कार्य पूर्ण कराया जा सकता था। लेकिन आखिर ऐसा क्यों नहीं किया गया, दोषियों पर कार्यवाही करने की बजाय अधिकारी पीड़ित पक्ष को भगाते हुए उनके साथ स्वयं झूमा झटकी क्यों करने लगे यह समझ से परे है।

# शिक्षा का पुनीत कार्यालय या भ्रष्टाचार का अड्डा?

- छिरहा प्राचार्य से लिए रुपए, घर पंहुचकर किया वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिक्षा जैसे पुनीत कार्य में भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है। शिक्षा में भ्रष्टाचार समाज की भलाई के लिए खतरा है, क्योंकि यह सामाजिक विश्वास को कम करता है। वर्तमान समय में घटित घटनाओं से यह सोंचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है कि जिले के शिक्षा विभाग का कार्यालय, शिक्षा जैसे पुनीत कार्य का कार्यालय है या भ्रष्टाचार का अड्डा। ऐसे ही एक घटना 13 दिसम्बर को घटित हुआ है। दरअसल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत वित्तीय सत्र 2023-24 के ऑडिट का कार्य राज्य कार्यालय से अनुबंधित संस्था के द्वारा किया जा रहा है। ऑडिट अर्थात अंकेक्षण का यह कार्य 13 से 17 दिसंबर तक किया जाना है। पहले दिन 13 दिसम्बर को कवर्धा ब्लॉक के हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों का ऑडिट किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर अशोक योगी ऑडिट कराने के बाद प्राचार्यों से दो-दो सौ रुपया ले रहे थे। इसी दौरान शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य व छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी भी ऑडिट कराकर निकले तो उनसे भी दो सौ रुपये ले लिए। रुपए लेने का कारण पूछने पर गोलमोल जवाब दिया गया। कार्यालय से निकलने के बाद छिरहा प्राचार्य ने डीईओ योगदास साहू से टेलीफोनिक चर्चा कर ऑडिट के बाद दो सौ रुपए लिए जाने की जानकारी दिया। डीईओ के संज्ञान में यह बात आने के तत्काल बाद संबंधित कम्प्यूटर ऑपरेटर ने छिरहा प्राचार्य रमेश कुमार चन्द्रवंशी के



कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम परसवारा स्थित घर पहुंचकर दो सौ रुपये वापस किया। छिरहा प्राचार्य से रुपए नहीं लिए जाने पर संभवतः इस बात का खुलासा भी नहीं होता। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू आदि पदाधिकारियों ने ऑडिट के दिन कवर्धा ब्लॉक के प्राचार्यों से अवैध रूप से लिए गए दो-दो सौ रुपए को अविलंब वापस करने की मांग किया है।

### पेपर कांड का निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

छग टीचर्स एसोसिएशन ने जिले में कक्षा पहली से आठवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा में पिछले साल के प्रश्नपत्र को हूबहू इस वर्ष देकर भ्रष्टाचार की हदें पार करने वाली घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग छग शासन व जिला प्रशासन से किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि शासन व प्रशासन शिक्षा विभाग के भ्रष्टाचारियों पर ठोस कार्यवाही कर उदाहरण पेश करे।

# एसबीआई बोड़ला में गबन के आरोपी पर पुलिस प्रशासन मेहरबान क्यों?

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

मृत महिला दीपा बाई अहिरवार के खाते से गत 18 अप्रैल 2024 को 139626 रूपए एवं 18 मई 2024 को 146000 रूपए का फर्जी ढंग से आहरण कर गबन करने वाले एसबीआई बोड़ला के आरोपी कर्मचारी की बोड़ला थाना में शिकायत के बाद अपराध पंजीबद्ध होने के बाद अब तक गिरफ्तारी नहीं की गई है। ऐसे में बड़ा सवाल उठ रहा है कि आखिर गबन के इस आरोपी कर्मचारी पर बोड़ला पुलिस मेहबानी क्यों दिखा रही है? गौरतलब है कि करीब तीन लाख रूपए के इस गबन की लिखित शिकायत थाना बोड़ला में मृतक के पीड़ित हटीले परिवार के द्वारा की गई थी। जिसकी जांच के लिए एसबीआई बोड़ला को प्रतिवेदन भेजा गया था। एसबीआई बोड़ला के द्वारा राशि आहरण की जानकारी थाना को दी गई और बताया गया की प्रतिक उइके के द्वारा पीएफ क्रमांक 1014322 से राशि का आहरण किया गया है। जिस पर थाना बोड़ला पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध धारा 420 के तहत 26 अक्टूबर 2024 को अपराध पंजीबद्ध किया गया। लेकिन आरोपी की मामला दर्ज किए जाने के करीब ढाई माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं की गई है जो समझ से परे है। सूत्रों की माने तो इन सब के बीच आरोपी द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष अग्रिम जमानत हेतु आवेदन भी पेश किया गया, जिसे न्यायालय के द्वारा खारिज कर दिया गया। वहीं आरोपी प्रतीक उइके को एसबीआई बोड़ला से हटाकर बेमेतरा तबादला कर बैंक ने अपनी खानापूर्ति कर दी थी दी। जिसके बाद श्री उइके को अब बिलासपुर हेड ऑफिस में रखा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के विषय पर थाना प्रभारी बोड़ला द्वारा बताया गया की अभी और भी कुछ धारा जोड़ना है और मैं अलग सोच से काम करता हूं। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि ऐसी कौन सी धारा है जिसे जोड़ेने में थानेदार साहब को इतना समय लग रहा है। देखना दिलस्प होगा कि बोड़ला थानेदार इस मामले में धारा 420 के अलावा कौन सी धारा जोड़ते हैं और कोई सी अगल सोच के तहत कार्यवाही करते हैं।

# सड़क में बैठे मवेशी से मोटर सायकल टकराई, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रात के समय जिले की सड़कों में बैठे आवारा मवेशी वाहन चालकों के लिए किस तरह मौत का कारण बन रहे हैं इसका एक उदाहरण बीते दिनो जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्र में देखने को मिली।



जहां सड़क में बैठे एक मवेशी से मोटर सायकल सवार के टकरा जाने से उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के धान संग्रहण केन्द्र बाजार चारभाटा में मुंशी का कार्य करने वाला कवर्धा निवासी हेमशरण वैष्णव पिता ईश्वरी दास वैष्णव आयु लगभग 32 वर्ष गत दिनो रात के समय धान संग्रहण केन्द्र बाजार चारभाटा से अपना काम निपटाकर मोटर सायकल से वापस घर कवर्धा आ रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान रास्ते में ग्राम धमकी के पास उसकी मोटर सायकल सड़क में बैठे एक मवेशी से टकरा गई।

इस दुर्घटना में हेमशरण गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों तथा पुलिस की मदद से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में आवारा मवेशी एक गंभीर समस्या बन चुके हैं। जिसके निराकरण के लिए शासन प्रशासन द्वारा योजनाएं तो गिनाई जा रही है लेकिन समस्या का समाधान होते नहीं दिखाई दे रहा है।

# जिले में बिना वैध अनुमति रह रहे 15 संदिग्धों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है।




इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन कर थाना कवर्धा एवं चिल्फी क्षेत्र में कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान थाना कवर्धा क्षेत्र में बिना वैध अनुमति के रह रहे 13 संदिग्ध व्यक्तियों एवं थाना चिल्फी में 2 संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की गई। जांच में इन व्यक्तियों के पास निवास से संबंधित किसी प्रकार के वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने इनके खिलाफ बीएनएसएस की धारा 128 के तहत कार्यवाही कर सभी को दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया।

यह कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन और एसडीओपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में थाना प्रभारी कवर्धा लालजी सिन्हा एवं चिल्फी प्रभारी एएसआई डोमार सिंह द्वारा संपन्न की गई।

### आरंभ संस्था ने वनांचल के बच्चों को बांटे जूता, मोजा व स्वेटर




**कवर्धा।** विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी संस्था आरम्भ अ फर्स्ट स्टेप वेलफेयर सोसाइटी कबीरधाम (पटवारी सदस्य) द्वारा बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में संचालित स्कूलों में अध्यनरत बच्चों को जूता-मोजा तथा स्वेटर वितरित किया गया। साथ बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने और पढ़ाई लिखाई के लिए प्रेरित किया गया। संस्था द्वारा बोड़ला विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला बदनापानी, आमानारा, गाड़ाघाट एवं माध्यमिक शाला आमानारा, लरबक्की के लगभग 240 बच्चों को ठण्ड से बचने के लिए स्कूली स्वेटर एवं सुगमता पूर्वक स्कूल आने-जाने के लिए जूता तथा मोजा का वितरण किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास के तहत उनके द्वारा इस संस्था का संचालन किया जा रहा है।

## वनांचल के ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार, कार्रवाई की मांग

# सरकारी राशन दुकान में घटिया चावल सप्लाई का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के वनांचल ग्राम बाकी के ग्रामीणों ने स्थानीय सरकारी राशन दुकान से हितग्राहियों को घटिया दर्जे का चावल वितरण किए जाने का आरोप लगाया है वहीं इस कीड़े लगे चावल के सेवन से ग्रामीणों का स्वास्थ्य खराब होने की आशंका जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम बाकी की पीडीएस राशन दुकान से खराब चावल बांटने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत बाकी की सोसायटी में 735 परिवारों का राशनकार्ड है जिन्हें हर महीने शासन की पीडीएच योजना के तहत चावल उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन हितग्राहियों का आरोप है कि उन्हें खराब चावल दिया जाता है। जिसके संबंध में उन्होंने कई बार शिकवा शिकायत भी की है लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। वहीं पीडीएस सेल्समैन का कहना है कि इस सोसायटी में 735 परिवारों का राशन कार्ड है। जिनके लिए हर महीने 24 टन चावल आता है। जिसमें कई हाथ की सिलाई वाली बोरिया आती है। इन बोरियों में चावल काफी खराब आता है, उसमें मिट्टी और इल्लियां लगी रहती है। सैल्समेन के मुताबिक चावल की सप्लाई बोड़ला या सिघारी गोदाम से की जाती है। उसने बताया कि कई बार खराब चावल की शिकायत की जा चुकी है। लेकिन वापस हो जाएगा, गोदाम में बोल देंगे कहकर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए कार्यवाही की मांग की है।



### सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष की सफलता के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं का सम्मान एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं और बच्चों के लिए अलग-अलग कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भाग ले रहे हैं, जिससे गांव-गांव में उमंग और उत्साह का माहौल बन रहा है। इसी क्रम में आज कवर्धा परियोजना के रवेली सेक्टर अंतर्गत निवारीगुड़ा दुल्लापुर में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सार समाचार

### अव्वल बच्चों को किया सम्मानित

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ जिले के ग्राम खैरबना में जिला स्तरीय बालक्रीडा



प्रतियोगिता में अव्वल आए बच्चों को शासकीय प्राथमिक शाला खैरबना की प्रधान पाठिका सीमा शर्मा और मिडिल स्कूल के शिक्षकों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर खैरबना हाईस्कूल प्रभारी प्राचार्य मधुसूदन देशलहरे, खैरबना सरपंच ललित जंघेल, एसएमडीसी अध्यक्ष धनसाय साहू, एसएमसी अध्यक्ष संतराम कुर्रे, एसएमसी अध्यक्ष प्राथमिक रमेश सरगद्वारी, ग्राम पटेल धनेश साहू, डिलेश्वर दास अचिंत, चूडामणी जंघेल, डोमार सिंह भेड़िया, हेमलाल पटेल पुष्ण सेन, किरण जंघेल, मनहरण जंघेल, धनऊराम साहू, पुखराज सिंह खुशरो, शत्रुहनराम साहू, कन्हैयाराम जंघेल, सीमा शर्मा, यशोदा ठाकुर, पूरन बंजारे एवं प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे।

जिला स्तरीय खेल खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम बैहाटोला में आयोजित हुआ था। वहां प्राथमिक शाला खैरबना के प्रतिभागी विजयी बच्चों को पानी बोतल और पेन-कॉपी देकर शाला परिवार की ओर से सम्मानित व पुरस्कार वितरण किया गया। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला खैरबना के छात्र दुर्गेश कुमार वर्मा अ वर्ग 80 मीटर दौड़ में प्रथम, टिकेश कुमार वर्मा 100 मीटर दौड़ में द्वितीय और रिलेरेश में प्राथमिक शाला खैरबना के ही छात्र टिकेश, दुर्गेश, राजेंद्र और ओम ने जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छुईखदान के विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डड़सेना और बीआरसी दुष्यंत कुमार शर्मा ने इन विजयी बच्चों को शुभकामनाएं दी।




### दो दिन में 7 सौ से अधिक लोगों की चेकिंग

# मुसाफिर, फेरी वालों की पहचान के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाहर से आए मुसाफिरों, फेरी वालों की पहचान के लिए पुलिस ने अभियान चलाया है। वहीं संदिग्धों की जांच की जा रही है। दो दिनों में पुलिस ने लगभग 7 सौ से अधिक लोगों की चेकिंग की है। जिसमें 150 मुसाफिर, फेरी वाले, किरायेदार एवं अन्य प्रदेश व जिले से आना पाया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में हो रहे चोरी आदि की घटना की रोकथाम के लिए अभियान के तहत 2 दिनों 11 व 12 दिसंबर को सभी थाना व चौकी में अभियान चलाकर मुसाफिर चेक किया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध किरायेदारों की भी चेकिंग की जा रही है।



#### शहर सहित ग्रामीण इलाकों में की गई चेकिंग

जिले के विभिन्न थानों के अलावा राजनांदगांव शहर के स्लम एरिया में राजनांदगांव शहर के सत्यनारायण धर्मशाला, गंज चौक, भदौरिया चौक, रेलवे स्टेशन के पास, गौरीनगर, चिखली, शंकरपुर, रामनगर, मोतीपुर, बजरंपुर नवागांव, लखोली, इंदिरा नगर, राजीव नगर, अटल आवास लखोली, अटल आवास पेंड्री, 16 खोली, बसंतपुर, कौरिनभांठा, सुकुलदैहान के ग्राम लिटिया, सोमनी के टेडेसरा, बगनदी के सड़क चिरचारी, छुरिया के कल्लूबंजारी, ब्रम्हणी चारभाठा, छुरिया, बोरतलाव चौक, डोंगरगांव के मोहड़, आमगांव, साल्हे घुघवा, गैंदाटोला के ग्राम चिरचारीकला, घुमका के गोपालपुर रोड़ आदि जगहों पर रह रहे संदिग्ध लोगों, किरायेदारों व गर्म कपड़ा बेचने वालों, फल ठेला वालों, खोमचे वालों को भी चेक किया गया।

#### थाना व चौकी क्षेत्र में चला अभियान

इसी तारतम्य में 2 दिनों में 700 से अधिक लोगों को चेक किया गया। जिसमें से कोतवाली 25, थाना लालबाग 20, थाना बसंतपुर 10, थाना सोमनी 12, ओपी चिखली 14, ओपी तुमड़ीबोड 35, ओपी सुकुलदैहान 2, थाना बागनदी 3, थाना बोरतलाव 5, ओपी चिचोला 6, थाना गैंदाटोला 6, थाना घुमका 10, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 16 लोगों कुल 150 लोगों को चेक किया गया, जो दूसरे प्रांत व जिले से आए हुए थे।

#### संदिग्धों की ली जा रही जानकारी

संदिग्धों का पृथक से उनके निवास ग्राम की थाना में जानकारी भेजकर इनकी आपराधिक रिकार्ड, चरित्र के संबंध में जानकारी लिया जा रहा है। इसके साथ जिनके क्रियाकलाप ज्यादा संदेहास्पद पाए जाने पर ऐसे लगभग 20 लोगों का फिंगरप्रिंट भी लिया गया है। शेष का फिंगरप्रिंट लेकर उनके बारे में पतासाजी की जा रही है। संदिग्धों को उनके वास्तविक निवास स्थान के थानों से उनकी तस्दीकी की जा रही है। मुसाफिरों का बीसी रोल जारी किया जा रहा है।

#### जानकारी थाना में देने हिदायत

पुलिस के अनुसार किराये के मकान में रह रहे लोगों के मकान मालिकों को किरायेदारों के संबंध में सभी जानकारी एकत्रित करने व उनके संबंध में थाना को सूचना देने की हिदायत दी गई। इस तरह 11 व 12 दिसंबर दो दिनों में जिलेभर में 700 से अधिक संदिग्ध लोगों को चेक किया गया। जिसमें से 150 से अधिक लोग दीगर प्रांत, जिले के होना पाए गए हैं। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

## जनसंपर्क विभाग ने लगाई फोटो प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

राज्य सरकार के एक साल पूर्ण होने पर जिले में हुए समग्र उपलब्धियों को प्रदर्शित करते जिला जनसंपर्क विभाग मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा स्थानीय बस स्टैंड मोहला में फोटो प्रदर्शनी लगाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व राज्य असीम संभावनाओं की ओर अग्रसर हो रहा है। राज्य के सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन से राज्य खुशहाल हो रहा है। प्रदेश के साथ ही जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन से जिला तरक्की की ओर अग्रसर हो रहा है।

जनसंपर्क विभाग मोहला द्वारा राज्य सरकार द्वारा एक साल में किए गए विकास की गौरव गाथा को रेखांकित करते लगाए गए फोटो प्रदर्शनी का आज सैकड़ों लोगों ने अवलोकन किया। स्कूली विद्यार्थियों, कॉलेज के विद्यार्थियों, मीडिया के प्रतिनिधियों, यात्रीगणों, आम नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों और बड़ी संख्या में युवाओं ने स्टॉल में पहुंचकर अवलोकन किया। शासन द्वारा जनकल्याण के लिए किए गए कार्य से रूबरू हुए। जनसंपर्क विभाग से सहायक संचालक हेमलाल प्रभाकर, सहायक ग्रेड-3 भगत सिंह सलामे, फोटोग्राफर अशोक सलामे, जिला समन्वयक नितिन ठाकुर, वाहन चालक मोहित साहू ने स्टॉल में आए आगंतुकों का अभिनंदन किया।

## 1206 विद्यालयों के 89 हजार 286 विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के फ्लैक्सी मद अंतर्गत जिले के 1206 विद्यालयों के 89 हजार 286 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। इसके अंतर्गत 791 प्राथमिक शाला के 52 हजार 533 बच्चों एवं 415 माध्यमिक शाला के 36 हजार 753 बच्चों को पूरक पोषण आहार प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल मार्गदर्शन में जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के संचालन के लिए सामग्री पैकेट का सुरक्षित भंडारण, परिवहन एवं उपयोग सहित अन्य व्यवस्था जिला स्तर से की जाएगी। जिला स्तर पर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करने एक समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर द्वारा नामांकित अधिकारी संयुक्त कलेक्टर (वित्त), डीईओ, बीईओ, डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़ समिति के सदस्य हैं। यह समिति समय-समय पर योजना की मॉनिटरिंग करेंगी। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूरक पोषण के रूप में मिलेट बार, प्रोटीन बार, सोया-पीनेट, चिक्की, मोरंगा बार प्रदान किया जाएगा।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा

**मोहला।** सामुदायिक पुलिस के तहत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेक्शन मैच आयोजित किए जा रहे हैं। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ जिला अंतर्गत सभी थानों से 3-3 महिला व पुरूष टीम चयनित होगी, जो जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। जिले से 130 से अधिक कबड्डी टीमों ने कराया है प्रतियोगिता हेतु पंजीयन।



सामुदायिक पुलिससिंग के अंतर्गत पुलिस द्वारा जिले में कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल, उप पुलिस अधीक्षक ताजेश्वर दीवान के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिस के अंतर्गत जिले के समस्त थानों के क्षेत्र अंतर्गत कबड्डी खेल का आयोजन रखा गया है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के कबड्डी टीम बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें 130 से अधिक कबड्डी टीम ने रजिस्ट्रेशन थाना क्षेत्र अंतर्गत कराया।

पुरूष व महिला वर्ग के टीमों को प्रथम चरण में थाना स्तर पर सलेक्शन मैच कराया जा रहा है। जिसमें सर्वश्रेष्ठ टीम जो प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु जिला मुख्यालय मोहला में भाग लेगी। थाना स्तर पर समस्त टीमों को किट तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त टीमों को ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। थाना कोहका तथा थाना चिल्हाटी व थाना मानपुर अंतर्गत सलेक्शन मैच 12 दिसंबर को आयोजित की गई तथा 13 दिसंबर को थाना सीतागांव में सलेक्शन मैच आयोजित की गई।

